दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 151
कोटद्वार
28 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# लंदन प्रवास में मुख्यमंत्री द्वारा 4800 करोड़ के निवेश का करार

**लंदन।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लंदन प्रवास रंग ला रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु लंदन में उनके विदेशी औद्योगिक घरानों के साथ आयोजित बैठकें सफल रही और लंदन के औद्योगिक जगत में उत्तराखंड सुरक्षित निवेश की संभावनाओं के रूप में उभरा। राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए मुख्यमंत्री जी ने रोड शो में प्रतिभाग करते हुए लंदन के कई प्रमुख बिजनेस हाउसेस के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में अलग-अलग कंपनियों के साथ 4800 करोड़ के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए।

औद्योगिक समूह कयान जेट के साथ दो अलग-अलग एमओयू में 3800 करोड एवं उषा ब्रेको के साथ 1000 करोड़ रुपए के इनवेस्टमेंट के एमओयू साइन किए गये। कयान जेट द्वारा उत्तराखण्ड में स्कीइंग रिसॉर्ट विकसित करने के लिए 2100 करोड़ एवं केबल कार प्रोजेक्ट के लिए 1700 करोड़ का इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किया गया। कयान जेट द्वारा औली, दयारा बुग्याल और मुन्स्यारी में स्कीइंग रिसॉर्ट प्रोजेक्ट्स विकसित करने को लेकर सहमति बनी।

इसके साथ ही रोपवे के क्षेत्र में अग्रणी उषा ब्रेको लिमिटेड के साथ हरिद्वार और अन्य जनपदों में रोपवे विकसित करने पर सहमति बनी। लंदन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शिक्षा, पर्यटन, आईटी और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न 80 उद्योग घरानों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान प्रतिनिधियों ने इंडिया हाउस और पार्लियामेंट हाउस का दौरा भी किया और ब्रिटेन की संसद के सदस्यों से चर्चा की। भ्रमण के दौरान प्रदेश सरकार के डेलिगेशन ने लंदन



में टूर एंड ट्रेवलिंग क्षेत्र से जुड़े प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की और राज्य में बेहतर परिवहन तकनीक पर विचार साझा किये। मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों को आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु उत्तराखण्ड आने के लिए आमंत्रित किया।

संयोग से आज विश्व पर्यटन दिवस भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है उत्तराखण्ड में वेलनेस टूरिज्म और विलेज टूरिज्म जैसी अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ऋषिकेश योग और आध्यात्म की वैश्विक राजधानी के रुप में जाना जाता है। यूरोप से लेकर अन्य देशों के पर्यटक हर साल बड़ी तादात में योग आध्यात्म के लिए उत्तराखण्ड का रुख करते हैं। धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ऋषिकेश एवं अन्य स्थानों पर विश्वस्तरीय कन्वेशनर सेंटर की स्थापना हेतु निवेशकों से बातचीत कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित जी20 समिट के सफल आयोजन से ब्रिटेन और भारत दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है जो प्रदेश की आर्थिकी को नई गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

इस दौरान भारतीय उच्चायुक्त महामहिम विक्रम दोरईस्वामी ने उत्तराखण्ड सरकार की विभिन्न नीतियों और सकारात्मक विजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश की राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दूरी पर होने के कारण दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोगों के लिए वीकेंड्स डेस्टिनेशन के रुप में विकसित हो गया है। उच्चायुक्त ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी से जुड़े स्मरण साझा किए। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत डेलिगेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट: जज एसवीएन भट्टी ने खुद को चंद्रबाबू नायडू की याचिका की सुनवाई से अलग किया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एसवीएन भट्टी ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की उस याचिका पर सुनवाई से बुधवार को खुद को अलग कर लिया जिसमें उन्होंने राज्य के कौशल विकास निगम में 371 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की है। जैसे ही यह मामला सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ के समक्ष आया, खन्ना ने कहा, "मेरे भाई को इस मामले की सुनवाई करने में थोड़ी कठिनाई है। हम इसे अगले सप्ताह किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दे रहे हैं।"

## चांद और सूरज के बाद अब 'शुक्र' पर फतेह की तैयारी, इसरो चीफ ने बताया प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह शुक्र के लिए मिशन पहले से ही कॉन्फिगर किया जा चुका है और भविष्य के उद्देश्य के लिए पेलोड विकसित किए गए हैं। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्पनात्मक चरण में हमारे पास बहुत सारे मिशन हैं।

इसरो अध्यक्ष ने आगे कहा कि शुक्र एक दिलचस्प ग्रह है और इसकी खोज से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कुछ सवालों के जवाब देने में मदद मिलेगी। इसका भी एक माहौल है। इसका वातावरण बहुत सघन है। वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी से 100 गुना अधिक है और यह अम्लों से भरा है। आप सतह में प्रवेश नहीं कर सकते।

## वाइब्रेंट गुजरात के 20 साल, पीएम बोले
# हमारा बोया बीज आज बन गया है विशाल वट वृक्ष

**अहमदाबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां कहा कि बीस साल पहले एक बीज बोया गया था जो आज वाइब्रेंट वट वृक्ष बन गया है। पीएम मोदी ने अपने गुजरात दौरे पर अहमदाबाद के साइंस सिटी में आज आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में यह बात कही कि 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था आज वह इतना विशाल वाइब्रेंट वट वृक्ष बन गया है। वाइब्रेंट गुजरात समिट के बीस साल पूरे होने पर आपके बीच आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुझे याद है बरसों पहले मैंने कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ ब्रांडिंग का आयोजन भर नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर



बॉन्डिंग का आयोजन है।

दुनिया के लिए यह सफल एक ब्रांड हो सकती है लेकिन मेरे लिए यह एक मजबूत बोंड का प्रतिक है। यह वो बॉन्ड है जो मेरे और गुजरात के सात करोड़ नागरिकों और उनके सामर्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है। बीस वर्ष एक लंबा काल खंड होता है। आज के युवा साथियों को पता भी नहीं होगा कि 2001 में आए भीषण भूकंप के बाद गुजरात की स्थिति क्या थी।

# पर्यटन मंत्री ने किया सर जॉर्ज एवरेस्ट कॉर्टोग्राफी म्यूजियम का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में विभिन्न स्थानों पर पर्यटन विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कॉर्टोग्राफी म्यूजियम का लोकार्पण किया। साथ ही जॉर्ज एवरेस्ट स्थित हैलीपैड को महान भारतीय पर्वतारोही राधानाथ सिकदर को समर्पित किया।

पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने सर जॉर्ज एवरेस्ट, राधानाथ सिकदर द्वारा किये गये पर्वतारोहण तथा सर्वे के कार्यों की सरहाना करते हुए जॉर्ज एवरेस्ट कॉर्टोग्राफी म्यूजियम को भारत के सभी महान पर्वतारोहियों को समर्पित किया। यह म्यूजियम अपने आप में एक

**महान भारतीय पर्वतारोही राधानाथ सिकदर के नाम से जाना जायेगा हैलीपैड**

अनूठा म्यूजियम है। जिसमें सर जॉज एवरेस्ट द्वारा किये गये सर्वे एवं भारतीय पर्वतारोहियों द्वारा विभिन्न हिमालयी चोटियों के सर्वे को दर्शाया गया है। साथ ही सर्वे में प्रयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की भी जानकारी म्यूजियम में दी गयी है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में पिथौरागढ जिले के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव का पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में भारत सरकार द्वारा



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज मसूरी में सर जॉर्ज एवरेस्ट कॉर्टोग्राफी म्यूजियम का लोकार्पण करते हुए।

सभी राज्यों से पर्यटक ग्रामों की सूचना तथा प्रस्तुतिकरण का आवेदन मांगा गया था। प्रस्तुतिकरण में पर्यटक ग्रामों में पर्यटन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और पर्यटकों के लिए होम स्टे आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। भारत सरकार द्वारा यह पुरस्कार राज्य द्वारा पर्यटन में सामुदायिक भागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस मौके पर मसूरी नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, युगल किशोर पंत, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्, होटल एवं होम स्टे एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## निशानेबाजी में सिफ्त कौर ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड मेडल

**हांगझोउ, एजेंसी।** चीन में खेले जा रहे एशियन गेम्स में भारतीय टीम को चौथे दिन बड़ी सफलता मिली है। खेलों के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने एक और गोल्ड मेडल जीता है। शूटर सिफ्त कौर समरा ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन सिंगल इवेंट में गोल्ड पर निशाना साधा। सामरा ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ यह पदक जीता है। सिफ्त कौर ने फाइनल में 469.6 स्कोर किया। ऐसा करके उन्होंने ब्रिटेन की सियोनेड मैकिनटोश के 467.0 स्कोर के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वहीं इसी स्पर्धा में आशी चौकसे को कांस्य पदक मिला है।बता दें कि एशियन गेम्स के चौथे दिन भारत ने निशानेबाजी में अभी तक 2 गोल्ड, एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीता है।

## ग्लोबल साउथ को विकसित देशों पर विश्वास नहीं': एस जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार को न्यूयॉर्क में विदेश संबंध परिषद में विदेश मंत्री एस जयशंकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर खुलकर बोला है। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत को एक साथ मिलकर काम करने की बहुत आवश्यकता है। वाशिंगटन के लिए ऐसे साझेदारों का होना उपयोगी है, जो अमेरिका के बारे में अच्छा सोचते हो और अच्छा बोलते हो।

सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि आज, भारत-अमेरिका संबंधों को प्रौद्योगिकी पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि कई मायनों में दुनिया



में शक्ति का संतुलन हमेशा प्रौद्योगिकी के संतुलन का एक कार्य रहा है, लेकिन आज यह और भी अधिक तीव्र है।

उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ आज ग्लोबल नॉर्थ या विकसित देशों के प्रति अविश्वास रखता है। उन्होंने कहा, इसलिए अमेरिका के लिए ऐसे साझेदारों का होना उपयोगी है, जो स्पष्ट रूप से अमेरिका के बारे में अच्छा सोचते हो।

# उत्तरकाशी: चीन सीमा को जोड़ने के लिए बनाया जाएगा नया स्टील गार्डर पुल

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले चोरगाड नदी पर टूटे पुल की जगह नए स्टील गार्डर पैदल पुल का निर्माण होगा। बीते अगस्त में यहां बना पैदल पुल नदी के उफान पर आने से टूट गया था जिसके बाद से यहां सेना व आईटीबीपी के जवानों को सीमा क्षेत्र की निगरानी करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीमांत जनपद उत्तरकाशी में चोरगाड पुल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है जो भारत-चीन सीमा पर नेलांग घाटी में स्थित है और चीन सीमा को जोड़ता है। पुल का इस्तेमाल भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवान अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी के लिए रेकी व पेट्रोलिंग कार्यों के लिए करते हैं, लेकिन बीते



अगस्त में जाड़ गंगा की सहायक चोरगाड नदी के उफान पर आने से पुल टूटने के बाद से सेना व आईटीबीपी को सीमा क्षेत्र तक आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जब पुल टूटा था तो आईटीबीपी ने इसकी सूचना जिला प्रशासन और गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र को दी थी। इस पर जिला प्रशासन की ओर से लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी को स्थलीय निरीक्षण कर नए पुल के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

निर्देशों के क्रम में विभाग ने

**जवानों की निगरानी में होगी सुविधा**

नए पुल के लिए डीपीआर तैयार करने का काम पूरा कर लिया है। विभाग के एई धर्मवीर सिंह तोमर ने बताया कि चोरगाड नदी के उफान पर आने से पुराने पुल के पिलर टूटते ही पुल गिर गया था जिसके स्थान पर 27 मीटर स्पान का नया पुल बनाया जाएगा।

बताया कि 50.88 लाख की लागत से बनाए जाने वाला पुल स्टील गार्डर पैदल पुल होगा। पुल की डीपीआर तैयार कर गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन को भेजी गई है जिनकी ओर से पुल निर्माण के लिए बजट मुहैया कराने के बाद छह माह में पुल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

# प्रतापनगर में आदमखोर गुलदार ढेर

**नई टिहरी।** प्रतापनगर के भरपुरिया गांव में एक माह पूर्व 3 वर्षीय मासूम को निवाला बनने वाले गुलदार को मंगलवार शाम को शूटर ने मार गिराया। ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने गुलदार की मौत के बाद राहत की सांस ली। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग की टीम ने मृतक गुलदार के शव को जलाकर नष्ट कर दिया।

बीते 26 अगस्त को शाम करीब 7 बजे अपने घर के आंगन में खेल रहा 3 वर्षीय आरव पुत्र सुखदेव पंवार को घात लगाये बैठे गुलदार ने हमला कर मार डाला। परिजन, ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों की मांग वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने गांव में गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा, 2 ट्रैप कैमरें और शूटर जॉय हुकिल को तैनात किया। एक माह बीते जाने के बाद बीते मंगलवार शाम को करीब सवा सात बजे लोकेशन पर बैठे शूटर जॉय हुकिल को गुलदार को गांव की तरफ आते दिखा,इसी दौरान शूटर ने गुलदार को शूटर कर दिया।

लंबगांव रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया इससे पहले गुलदार की लोकेशन ट्रैप कैमरे पर कैद हो गई थी। शूटर को जैसे ही गुलदार उनकी ओर आते दिखा उन्होंने एक ही गोली गुलदार को ठेर कर दिया। बताया आदमखोर गुलदार नर था तथा उसकी उम्र करीब 8 वर्ष है। वन विभाग की टीम मृतक गुलदार के शव को रात में ही लंबगांव रेंजर ऑफिस ले आई, टीम ने गुलदार का पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसके बाद गुलदार के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया।

# देश में बेरोजगारी चरम पर, इंजीनियर की डिग्री वाले कर रहे हैं कुली का काम : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है, इसी का परिणाम है कि डिग्रीधारी इंजीनियर कुली का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला।



डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा। मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा और मुझे पूरा विश्वास।"

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी बेरोजगारी को लेकर 'एक्स' पर कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा त्रस्त हैं और वे कुली का काम करने को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा, "पिछले महीने आनंद विहार टर्मिनल के कुलियों ने श्री गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उनसे मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान कुछ ने बताया कि वे बीमारी के बावजूद काम करने को मजबूर हैं।

# ईपीएफओ: केंद्र में एक्स-सर्विसमैन को वापस करनी होगी सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार में कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें कई वर्षों से एक तय वेतन मिलता रहा। इसमें उनका कोई कसूर नहीं था। संबंधित विभाग द्वारा हर माह कर्मियों के खाते में वेतन डाला जा रहा था। अब कहा जा रहा है कि उन्हें जो वेतन दिया गया है, वो ज्यादा है। कई वर्षों के हिसाब से अब उस वेतन में कटौती होगी। कर्मियों को वह सेलरी, वापस जमा करानी पड़ेगी। खास बात ये है कि जिन कर्मियों के खाते में यह वेतन आया है, उनमें आर्मी, नेवी और एयरफोर्स से रिटायर हुए कर्मी शामिल हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में एक्स-सर्विसमैन कोटे से नौकरी ली थी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन



'ईपीएफओ' ने इसे लेकर सभी एडीशनल सेंट्रल पीएफ कमिश्नर (जोन) और क्षेत्रिय कार्यालयों के सभी आरपीएफसी इंचार्ज को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि डीओपीटी/जीओआई द्वारा एक्स-सर्विसमैन के वेतन को लेकर जो नियम/प्रावधान तय किए गए थे, उन्हें गलत तरीके से लागू कर दिया गया। इस वजह से एक्स-सर्विसमैन के खाते में ज्यादा वेतन जमा होता रहा। इनमें वे सभी एक्स-सर्विसमैन शामिल हैं, जो रक्षा सेवा के नॉन कमीशन रैंक में रिटायर हुए हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों में नौकरी हासिल की है। इसी कड़ी में अनेक एक्स सर्विसमैन को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में भी नौकरी मिल गई।कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस मामले में 26 जुलाई 2017 के एक सर्कुलर का हवाला दिया है। अब ईपीएफओ द्वारा कहा जा रहा है कि एक्स सर्विसमैन का वेतन गलत तरीके से निर्धारित हुआ है। उसमें किसी प्रावधान को गलत तरीके से अप्लाई कर दिया गया। इसके चलते ओवर पेमेंट हो

**सरकार के गलत फैसले से जारी हुआ था ज्यादा वेतन**

गया। ईपीएफओ के सभी कार्यालयों में स्टे्टस चेक किया जाए। अगर कर्मियों के खाते में ज्यादा पैसा गया है, तो उन्हें वापस करना होगा। जानकारों का कहना है कि इस मामले में अब कई एक्स सर्विसमैन अदालत में जा सकते हैं। वे कह सकते हैं कि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। खुद सरकार ने नियम तय किए हैं। सरकारी खजाने से ही उन्हें वेतन मिला है।

# डेंगू के बेकाबू होने पर आप ने दिया स्वास्थ्य निदेशालय में धरना



देहरादून । आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सह संगठन समन्वयक डीके पाल के नेतृत्व में एकत्रित होकर डेंगू से प्रदेश और शहर के बिगड़े हालातो को लेकर स्वास्थ्य निदेशालय का घेराव किया । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की एवं वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रदेश सह संगठन समन्वयक डी के पाल ने कहा कि राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी है और अस्पतालो में स्वास्थ्य सेवाये धरातल पर नजर नहीं आ रही है इसी कारण से कारण से डेंगू से राज्यवाशियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और जिसे आम आदमी पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी ।

इसलिए इस विषय पर आम आदमी पार्टी के कुछ सवाल भी है जो निम्न हैं ––

1– क्या नगर निगम के अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी सरकारी स्कूलों प्राइवेट स्कूलों कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का निरीक्षण करके वहां पर पनपने वाले प्यूप्स एवं लार्वा की रोकथाम के उपायों पर जानकारी दे रहे हैं ?

2– क्या नगर निगम के अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर डेंगू से रोकथाम के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं ?

3– क्या नगर निगम के अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरकारी कार्यालय एवं संस्थानों व कंपनियों के प्राइवेट कार्यालयों का निरीक्षण करके वहां पर रोकथाम के उपायों की सलाह दे रहे हैं ?

4– क्या नगर निगम के अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी भवन निर्माण की बड़ी–बड़ी साइटो पर जाकर निरीक्षण करके पनपने वाले प्यूपा और लार्वा से बचने की सलाह दे रहे हैं ?

### उत्तरकाशी में नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

उत्तरकाशी। नाबालिग के अपहरण के मामले में तीन साल से फरार चल रहे इनामी अभियुक्त को उत्तरकाशी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को रायपुर देहरादून से बीते मंगलवार को गिरफ्तार किया। साथ ही अपह्रता को भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी पर दस हजार का इनाम घोषित था। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जनवरी 2021 में कोतवाली उत्तरकाशी पर नाबालिग के अपहरण का मामला पंजीकृत किया गया था। अपह्रता के परिजनों द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के घर से बिना बताये कहीं चले जाने व वापस घर न लौटने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके बाद से ही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी। एसएचओ कोतवाली दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी पिछले तीन साल से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु कई बार सम्भावित क्षेत्रों में दबिश दी गयी, किन्तु वह पकड़ में नहीं आया। मामले में पुलिस द्वारा कुर्की की कार्रवाई भी गयी थी। एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में पुलिस टीम ने बीते मंगलवार को आरोपी विनोद लाल पुत्र अत्तर लाल निवासी मोरगी, श्रीकोट चिन्यालीसौड़ उम्र–27 वर्ष को रायपुर देहरादून से गिरफ्तार किया।

## जिला अस्पताल में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए

उत्तरकाशी। सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखंड के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु नामित नोडल अधिकारी निदेशक डॉ.सुनिता टम्टा उत्तरकाशी पहुंचीं। उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर डेंगू के तीन संदिग्ध मरीजों से उनका हालचाल जाना। साथ ही अस्पताल में साफ सफाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। निदेशक सुनिता ने बुधवार को जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू वार्ड, जनरल वार्ड, कार्डियक केयर यूनिट, पैथोलॉजी लैब, ऑक्सीजन प्लांट, चन्दन लैब, लेबर रूम, आईडीएसपी डीपीएचएल लैब का निरीक्षण किया। क्रिटिकल केयर ब्लॉक हेतु चयनित स्थान का निरीक्षण भी किया। जिला चिकित्सालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए लंबे समय से बुखार से पीड़ित मरीजों की रिपोर्ट ली। आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी प्रगति की जानकारी भी ली। जनपद उत्तरकाशी में डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभावी समन्वय के साथ तत्काल आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने को कहा। उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिले के सभी चिकित्सालयों में निरंतर व्यवस्था की जांच करने, पर्याप्त डेंगू रेपिड टेस्ट किट की उपलब्धता, साफ–सफाई, फांगिग एवं डेंगू वार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

## छात्रों ने देखी मणिपुर के पुंग चोलम और थांग ता की प्रस्तुति

देहरादून। स्पिक मैके द्वारा डॉल्फिन पीजी इंस्टीट्यूट और भारतीय सैन्य अकादमी में खुमुकचम रोमेंद्रो सिंह एंड ग्रुप द्वारा मनमोहक पुंग चोलम(संकीर्तन) और थांग ता(मणिपुरी मार्शल आर्ट) की प्रस्तुति आयोजित की गई। तीन दिवसीय सर्किट में माउंट लिटेरा जी स्कूल, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, द एशियन स्कूल और द दून स्कूल सहित विभिन्न संस्थानों में भी प्रदर्शन आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत खुमुकचम रोमेंद्रो सिंह, येंगखोम धर्मराज सिंह, मयांगलंबम हरिचंद्र सिंह, सनासम रोजर सिंह और अमोम रोजित सिंह सहित कलाकारों के प्रतिभाशाली समूह द्वारा पुंग चोलम के प्रदर्शन से हुई। यह पारंपरिक मणिपुरी नृत्य, जिसे अक्सर मृदंगा कीर्तन या धूमल कहा जाता है, लय और गति का एक जटिल मिश्रण है। पुंग चोलोम की विशेषता इसकी लयबद्ध ढोल वादन है, जो विशेष रूप से पुरुष कलाकारों द्वारा नाता संकीर्तन के भाग के रूप में या एक स्टैंडअलोन प्रस्तुति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ढोल वादकों ने कुशलता से गड़गड़ाहट, पक्षियों और जानवरों की आवाज जैसी ध्वनिया उत्पन्न की। प्रस्तुति के दूसरे भाग में थांग ता को प्रदर्शित किया गया। जो एक छोटे से पूर्वोत्तर राज्य की पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है। इसकी उत्पत्ति मणिपुर के युद्ध जैसे इतिहास से हुई है। प्रस्तुतियों के माध्यम से मणिपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उदाहरण पेश किया गया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

### मुकदमा करवाएंगे डेंगू पीड़ित कांग्रेस नेता

देहरादून। डेंगू पीड़ित कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन जोशी ने जिम्मेदार नेताओं और अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी है। नवीन जोशी ने बयान जारी करते हुए बताया कि डेंगू के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम जिम्मेदार है। शहर में आधे अधूरे निर्माण कार्यों से डेंगू फैला है, खुद उन्हें 15 दिन अस्पताल में रहना पड़ा। यह स्थिति पूरे देहरादून की है, कई लोग इस लापरवाही के कारण मारे भी गए हैं। ऊप्र

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के अंतर्गत ब्लॉक नौगांव के सभी माध्यमिक राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के सदस्यों ने बांह में काली पट्टी बांध कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू किया। राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के नौगांव ब्लॉक अध्यक्ष वासुदेव रावत और ब्लॉक मंत्री विनोद मल्ल ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भर में मांगें पूरी न होने तक शिक्षकों का इस तरह क्रमबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। जिसमें आगामी कार्यक्रमों में जनपद मुख्यालय, मंडल मुख्यालय और प्रदेश मुख्यालय में धरना प्रदर्शन शामिल है। इसी क्रम में बुधवार को नौगांव ब्लॉक के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विरोध स्वरूप बांहों में काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया गया।

## राजभवन में हुआ प्लास्टिक से जंग कार्यशाला का आयोजन



देहरादून। बुधवार को राजभवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं इसके दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु प्लास्टिक से जंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वेस्ट वॉरियर और प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन में सराहनीय प्रयास करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया।

इस कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक वेस्ट पर आधारित स्टॉल भी लगाए गए थे जिसका राज्यपाल ने अवलोकन किया।

कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजभवन से पूरे उत्तराखण्ड और हिमालय को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रखने के लिए एक जंग की शुरूआत की है। इस जंग में प्लास्टिक एक बड़े शत्रु के रूप में हम सभी के सम्मुख है जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुरूप एक योद्धा की भूमिका निभानी होगी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में दुनिया भर के पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण अनुकूल वातावरण और यहां के पर्यटन स्थलों को देखने आते हैं। कई जगहों में प्लास्टिक कचरे को देखकर यहां की नकारात्मक छवि लेकर जाते हैं।

### एक नजर

#### क्लेमनटाउन में सैन्य कर्मी की पत्नी की चेन लूटने वाला गिरफ्तार

देहरादून। टर्नर रोड पर रिटायर सैन्य कर्मी की बुजुर्ग पत्नी की चेन लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्लंबर का काम करता है। कर्ज का बोझ बढ़ने पर उसने चेन लूट की इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को पूछताछ के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि घटना बीते 23 सितंबर की है। बिंद्रा देवी (74) बीते 23 सितंबर की शाम सब्जी लेने के लिए घर से बाजार गई। वापस पैदल लौटते वक्त पीछे से आया स्कूटर सवार युवक गले से उनकी सोने की चेन लूट ले गया। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम लूट के आरोपी मुदस्सर (36) निवासी शिमला बाईपास रोड, गोरखपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी से लूटी गई चेन बरामद हुई। एसपी सिटी के मुताबिक मुदस्सर प्लम्बर का काम करता है। पारिवारिक स्थिति ठीक न होने और कर्जा का बोझ बढने के कारण उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिये घटना के वक्त अपने स्कूटर से नंबर प्लेट को उतार दिया। पुलिस ने काफी सीसीटीवी फुटेज खंगाले। उससे हुलिया जुटाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

#### यूपी में जज बनीं लॉ कालेज की छात्रा अंकिता, स्वागत

देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज की छात्रा अंकिता यूपी में जज बनी हैं। यूपी पीसीएसजे परीक्षा पास कर ये उपलब्धि हासिल की। बुधवार को कालेज में अंकिता का भव्य स्वागत हुआ। विवि के कुलाधिपति डा. जितेंद्र जोशी ने अंकिता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान लॉ कॉलेज के डीन प्रो. राजेश बहुगुणा ने कहा कि पिछले वर्षों में न्यायिक सेवा को अपना कैरियर बनाने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि लॉ कॉलेज से शिक्षा लेकर जज बनने वाले छात्रों की संख्या 15 पार कर गई है। कालेज के छात्र छात्राओं से बातचीत में अंकिता ने कहा कि न्यायिक सेवा की परीक्षा के लिए देश के हर राज्य के अपने अलग–अलग मानक है। सफलता के लिए आवश्यक है कि हमें सामान्य ज्ञान, हिन्दी व अंग्रेजी भाषा तथा निर्णय लेखन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लॉ कॉलेज के पाठ्यक्रम को न्यायिक सेवा में सफलता के लिए आदर्श बताया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डा. पूनम रावत,डा. वीपी पंवार, डा. क्षमा गुप्ता, डा. नीलम रावत, प्रो. प्रदीप सूरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## परमार्थ निकेतन में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन





ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आहवान पर एक दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत पूरे देश में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर आदि विभिन्न कल्याकारी योजनाओं का आयोजन किया जा रहा है। उसी के तहत आज परमार्थ निकेतन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के दिव्य सान्निध्य एवं आशीर्वाद से यमकेश्वर विधायक श्रीमती रेणु बिष्ट जी और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सेवा ही जीवन का आधार है। सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी पूजा है और एक यूनिट रक्त दान करना तो संवेदना का अद्भुत उदाहरण है। दान वही है जो मानवीय सहायता हेतु बिना किसी लाभ के, उपहार के रूप में दिया जाता है इसलिये रक्तदान महादान है।स्वामी जी ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर रक्त दाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसी को जीवन प्रदान करने के लिये निस्वार्थ भावना से दिया गया रक्त किसी और की जिन्दगी बचा सकता है।स्वामी जी ने कहा कि योग, ध्यान और साधना द्वारा अर्जित की गयी शक्ति को सेवा में लगायें। हम देखते है कि अतीत में आधुनिक मूल्यों का विकास न होने के कारण व्यैक्तिक एवं सामाजिक जीवन में नैतिकता और संवेदना की प्रधानता थी। आंतरिक शुद्धता एवं आत्मा की एकता के सिद्धांत पर संवेदना और नैतिकता आधारित होती है। सभी के मध्य सहदयता एवं करुणा की भावना का प्रसार करना अत्यंत आवश्यक है, जो इन छोटे–छोटे सेवा कार्यों से आती है।स्वामी जी ने कहा कि मानवता युक्त व्यवहार की अत्यंत आवश्यकता है।

मानवता का सूत्र किसी पुस्तक या कोई अवधारणा नहीं है बल्कि यह वंचित वर्गों की सेवा से ही आता है। गरीबों के कल्याण हेतु कार्य करना, वंचित समुदायों की समस्याएँ जानना, समझना और सुलझाना ही सच्ची सेवा है। समाज से असमानता, गरीबी, गैर–बराबरी, अस्पृश्यता आदि को समाप्त कर एक आदर्श समाज की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

## डीएम अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की तैयारियों को लेकर बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिशा समिति की पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन एवं विभाग में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच, एनएचआई, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। तथा आयोजित होने वाली दिशा समिति की बैठक में पूर्ण जानकारी एवं विवरण के साथ उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, उप नगर आयुक्त नगर निगम गोपाल राम बिनवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय जैन, विशेष भूमि अध्यापति अधिकारी के.एस नेगी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान नमित रमोला, अधि0 अभि0 लोनिवि प्रवीन कुमार, जिला पंचातयतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएवी में फर्जी एडमिशन पर कार्रवाई न हुई तो आंदोलन

देहरादून। डीएवी में सीयूईटी की फर्जी स्कोरशीट बनाकर दाखिले लेने वाले छात्रों पर अब तक कार्रवाई ना होने से भड़के सत्यम शिवम छात्र संगठन ने कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर तीन दिन बाद आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को अपनी मांगों को लेकर छात्र नेता आकिब अहमद के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य का घेराव किया। इस दौरान छात्रों ने कालेज प्रशासन से फर्जी दाखिलों पर तत्काल कार्रवाई की। प्रिंसिपल को इसके लिए ज्ञापन भी दिया गया।

## राजकीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में एसबीपीएस का दबदबा

देहरादून। राजकीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) के तीरंदाजों का जलवा रहा। ओवरऑल चैंपियनशिप भी स्कूल के तीरंदाजों के नाम रही। इसके अलावा इंडियन राउंड में स्कूल के छात्र आदर्श और महिलाओं में छात्रा अनुष्का ने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। डीआईजी पीएसी जन्मजेय खंडूड़ी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हई। इसमें कुल 70 प्रतिभागियों ने विभिन्न जनपद एवं यूनिट से प्रतिभाग किया। कम्पाउंड रैंकिंग राउंड में पुलिस टीम के संतोष कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि महिला टीम में पुलिस टीम की ऋषिका ने प्रथम स्थान और भारती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंडियन राउंड में एसबीपीएस के आदर्श प्रथम, एसबीपीएस के ही कुलदीप ने द्वितीय, महिलाओं में एसबीपीएस की अनुष्का ने प्रथम, मानसी ने द्वितीय तथा (पुलिस टीम) की ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार व्यक्तिगत स्पर्धा में इंडियन राउंड में नमन प्रथम, आदर्श द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में एसबीपीएस की अनुष्का ने प्रथम और अनीसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## मुख्य सचिव डॉ. संधु की अध्यक्षता में वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में सचिवालय में वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य सचिव ने वाईब्रेंट विलेज योजना के माध्यम से इन सीमा क्षेत्र के गांवों को जीवन्त करने के लिए इन गांवों से पलायन कर चुके लोगों को वापस लाने के लिए जिलाधिकारियों को चिन्हित वाइब्रेंट विलेज को वाईब्रेंट बनाने के लिए ऐसी योजनाओं को संचालित करने के निर्देश दिए जो व्यवहारिक और सतत् हों।

मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल योजनाओं से वाइब्रेंट विलेज को संतृप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि वाईब्रेंट विलेज का हर गांव विशिष्ट है, उसकी अपनी क्षमताएं एवं सम्भावनाएं हैं। क्षेत्र की क्षमताओं और सम्भावनाओं को तलाशते हुए योजनाएं तैयार की जाएं और इन्हें सतत बनाने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने इन वाईब्रेंट विलेज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाईब्रेंट विलेज में नियुक्त स्वास्थ्यकर्मियों को रहने के लिए अच्छी आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। साथ ही कर्मचारियों को एक–दो महीने के लिए रोटेशन के आधार पर नियुक्त किया जाए। सिर्फ वाईब्रेंट विलेज ही नहीं बल्कि उनके आसपास के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। मुख्य सचिव ने इन वाईब्रेंट विलेज के लिए यूपीसीएल को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि जहां ग्रिड से विद्युत आपूर्ति करना सम्भव न हो वहां सौर ऊर्जा एवं अन्य विकल्पों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में भेड़–बकरी पालन से रोजगार की अत्यधिक सम्भावनाएं हैं। इसके लिए विशेष योजनाएं संचालित की जाएं। मुख्य सचिव ने इन क्षेत्रों के लिए मोबाईल वैन वैटेनरी यूनिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी ने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। सभी वाईब्रेंट विलेज बॉर्डर एरिया में होने के कारण यह निर्णय स्थानीय उत्पादों के लिए एक अच्छा बाजार उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उत्पादों की सतत आपूर्ति एवं गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वाईब्रेंट विलेज के स्थानीय उत्पादों के परम्परागत बीजों के लिए भी सब्सिडी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पंचायती राज विभाग को प्रत्येक वाईब्रेंट विलेज में पंचायत भवन एवं खेल विभाग को भूमि की उपलब्धता के अनुसार खेल का मैदान अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए।

# कोटद्वार-दिल्ली के मध्य नई रेल गाड़ी की मिली स्वीकृति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार दिल्ली रूट पर एक और रेल गाड़ी चलाने की स्वीकृति मिली है। यह जानकारी राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने अपने ट्विटर पर दी है।

श्री बलूनी ने अपने ट्विटर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के पत्र का हवाला दिया है कि कोटद्वार-दिल्ली के मध्य एक नई रेल गाड़ी स्वीकृति की गई है।

यह उपलब्धि कोटद्वार वासियों के लिये ही नहीं अपितु पूरे गढ़वाल के लिये एक वरदान के रूप में होगी। जिसके लिए सांसद अनिल बलूनी, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव व प्रधानमंत्री साधुवाद के पात्र हैं। कोटद्वार-दिल्ली के मध्य नई रेल गाड़ी शुरू करने पर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति ने कोटद्वार व्यापार मण्डल, सभी ट्रांसपोर्ट संस्थाओं, वरिष्ठ नागरिक संगठन, नागरिक मंच, शैल शिल्पी विकास मंच, उत्तराखण्ड विकास समिति सहित तमाम सामाजिक संगठनों की ओर से सांसद अनिल बलूनी, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव व प्रधान मंत्री का आभार व्यक्त किया है। संघर्ष समिति ने नई रेलगाड़ी चलाने के फैसले का स्वागत करते हुए सांसद अनिल बलूनी से कोटद्वार को राज्य स्थापना से पूर्व उपलब्ध सुविधाओं कंडी रोड पर सामान्य यातायात चलाने, मोटर नगर की भूमि वापस दिलाने तथा सीवर फार्म को बहाल कराने का अनुरोध किया है। संघर्ष समिति के संयोजक नागेन्द्र उनियाल ने कहा कि वर्तमान सरकारें इस बात को दरकिनार करें कि कोटद्वार की इन सुविधाओं को विपक्ष की सरकार ने बंद किया था। उन्हें केवल कोटद्वार की जनता की सुविधाओं को बहाल करना चाहिए।

## राज्यसभा सांसद का जताया आभार

**कोटद्वार** : कोटद्वार से दिल्ली के लिए रेलगाड़ी की सौगात देने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी व केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। कहा कि रेल का संचालन शुरू होने से गढ़वाल के लोगों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।

विपिन कैंथोला ने बताया कि कोटद्वार से रेल संचालन की मांग को लेकर उन्होंने जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल के साथ राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी के दिल्ली स्थित आवास में मुलाकात की थी। उसके बाद सांसद ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष रेल मंजूरी की मजबूत पैरवी की थी, जिस कारण गढ़वाल के लोगों को रेल की सौगात मिलने जा रही है। कहा कि रेल का संचालन आरंभ होने से लैंसडौन जाने वाले पर्यटकों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। सैनिकों के अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए भी यह रेल सेवा महत्वपूर्ण साबित होगी।



अश्विनी वैष्णव
Ashwini Vaishnaw

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
भारत सरकार
Minister of Railways
Communications & Electronics and Information Technology
Government of India

सं. 2022/Chg/16/NER/22-Part(9)

माननीय श्री अनिल बलूनी जी,

कृपया अपने पत्र दिनांक 01.09.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें आपने जन सुविधा के लिए दिल्ली से कोटद्वार के लिए ट्रेन सेवा के संबंध में अनुरोध किया है।

आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि दिल्ली- कोटद्वार ट्रेन को स्वीकृत कर दिया गया है।

सादर,

अश्विनी वैष्णव

श्री अनिल बलूनी
माननीय संसद सदस्य
20 गुरुद्वारा रकाबगंज मार्ग
नई दिल्ली-110 001

Sanchar Bhawan, 20 Ashoka Road, New Delhi - 110 001
Phone : 011-23739191, 23372177 Fax : 011- 23372428

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का राज्यसभा सांसद बलूनी को भेजा पत्र।

# एक और युवक का शव बरामद, दो अभी भी लापता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पाबौ हादसे में लापता एक और युवक का शव पुलिस ने बुधवार को नयार नदी से बरामद कर लिया। अभी भी इस हादसे में दो लोग और लापता हैं।

लापता लोगों की खोजबीन को लेकर एसडीआरएफ और पुलिस टीम का सर्च ऑपरेशन जारी है।

पाबौ-कोटद्वार मार्ग पर बीते गुरुवार को कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें एक शव उसी दिन पुलिस ने बरामद कर लिया था जबकि चार लोग अन्य लापता हो गए थे। लापता लोगों की खोजबीन के लिए पुलिस का रेस्क्यू अभियान बीते एक सप्ताह से जारी है। एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने नयार नदी से अब तीसरा शव बरामद किया है।

चौकी प्रभारी पाबौ दीपक पंवार ने बताया कि पाबौ के समीप हुई इस दुर्घटना के बाद से ही पुलिस और एसडीआरएफ और डीप ड्राइवर्स की टीम का सर्च ऑपरेशन नयार नदी के आस-पास जारी है। बुधवार को पुलिस टीम को तीसरा शव भी बरामद हो गया।

बताया कि मृतक की शिनाख्त प्रशांत नाम उम्र करीब 19 साल निवासी चैड के रूप में हुई है। बताया कि शव सर्च टीम को इथूड क्षेत्र से कुछ दूरी पर फेरा का पुल के नीचे से मिला। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की है।

# शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य



राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शिक्षक।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रांतीय नेतृत्व की आह्वान पर राजकीय शिक्षकों ने पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत जनपद के सभी शिक्षकों ने तय कार्यक्रम के अनुसार बांहों पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया गया।

पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा शिक्षकों के विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति एवं अन्य समस्याओं के समाधान नहीं किए जाने पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विरोध स्वरूप, जनपद के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।

राजकीय शिक्षा संघ के दुगड्डा ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पूरे ब्लॉक में समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं से इस विरोध के समर्थन में बांह में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य संपादित किया, जो सफल रहा।

## रैली निकालकर दिया रक्तदान का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : राजकीय महाविद्यालय सतपुली के छात्र-छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान जन जागरूकता रैली निकालकर नगर वासियों को जागरूक किया।

प्राचार्य प्रो. संजय कुमार के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान जन जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने नारों के माध्यम से नगर वासियों को शैक्षिक रक्तदान के प्रति जागरूक किया। वहीं महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद संयोजक डॉ. अवधेश कुमार उपाध्याय द्वारा पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया। जिसमें पायस उपाध्याय को अध्यक्ष, जगत सिंह गुसाई को उपाध्यक्ष व रोहन नेगी को कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।

# मालन नदी के जंगल में मिला महिला का शव, फैली सनसनी

## पुलिस ने महिला के पति को लिया हिरासत में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मालन नदी के जंगल में एक महिला के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा महिला के पति को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। महिला के शरीर पर काफी चोट के निशान पाए गए। मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रूबी देवी उम्र 25 वर्ष का विवाह 10 वर्ष पूर्व लालढांग निवासी टिंकू पुत्र जय सिंह से हुआ था। विवाह के बाद से वह अपने पति के साथ मायके हल्दूखाता में रहती थी। उसका पति मजदूरी कर अपनी पत्नी और दो बच्चों का के साथ-साथ अपनी सास का भी भरण पोषण करता था। मृतक महिला के दो लड़के एक 6 साल व दूसरा 4 का है। बीते मंगलवार 26 सितम्बर को सुबह से ही महिला का पति टिंकू शराब के नशे में था और उसने अपनी पत्नी के साथ घर पर मारपीट की। अपराह्न के समय घर पर अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर स्वयं मरने के लिए मालन नदी के जंगल में चला गया, पत्नी भी पीछे-पीछे पति को देखने के लिए निकल गई। पति देर शाम को घर पर आकर कहने लगा कि वह नदी की तरफ गई थी और लापता हो गई। मृतक महिला की माँ कमलेश देवी ने लगभग रात 11 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी दिन से गायब है जिस पर पुलिस ने बुधवार सुबह ग्रामीणों के साथ में मालन नदी के जंगलों में महिला की खोजबीन की। देर शाम को महिला का शव मालन नदी के जंगलों में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और महिला के पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार महिला के शरीर पर काफी चोट के निशान थे और प्रथम दृष्टा यही लग रहा है कि उसको गला दबा कर मार गया बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पायेगा।

अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने बताया कि दोपहर में मृतक महिला के माता-पिता चौकी में आए थे और उन्होंने बताया कि उसका पति उसके साथ में मारपीट करता है और कल दोपहर से वह गायब है। महिला कांस्टेबल के साथ में चौकी का अन्य स्टाफ व उसके परिजन हल्दूखाता के समीप मालन नदी के जंगलों में महिला की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मालन नदी के जंगल में महिला का शव मिला। एएसपी ने बताया कि पंचायत नामा की कार्रवाई कर दी गई है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टा महिला के साथ जो मारपीट हुई और काफी चोट के निशान है और इससे यही प्रतीत होता है कि महिला को गला दबाकर मारा गया है। फिलहाल महिला के पति पर शक है आगे विवेचना में जो भी कुछ तथ्य सामने आएंगे उन्हें देखते हुए ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस को मिल रहा आमजन का समर्थन : अनुकृति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस नेत्री अनुकृति गुसांई रावत ने कहा है कि पार्टी आगामी चुनावों को देखते हुए मजबूत रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। पार्टी को आमजन का समर्थन भी मिल रहा है।

यहां जारी एक बयान में अनुकृति गुसांई रावत ने कहा कि पार्टी जनमुद्दों को लेकर चुनावी समर में उतरेगी। प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर नाकाम बताते हुए उन्होंने कहा कि गढ़वाल में अग्निवीर योजना के माध्यम से युवाओं के साथ धोखा किया गया है, अग्निवीर योजना उत्तराखण्ड के लिए अभिशाप है। वहीं अंकिता हत्याकांड में भी अभी तक न्याय नहीं हो पाया है। अंकित के परिजन न्याय के लिए दर-दर भटक रहे है। डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए प्रदेश सरकार से आम जन का विश्वास उठ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक ओर जहां महगांई चरम पर है, वहीं बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह सरकार रोजगार देने में नाकाम रही है।

# 100 मीटर दौड़ में दिव्यांशु, आराध्य, देंवाश ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शरदकालीन और शीतकालीन क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतियोगिता संकुल कंडारा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ बालक में दिव्यांशु, बालिका प्राथमिक में आराध्य, जूनियर स्तर की 100 मीटर दौड़ बालक में देंवाश ने पहला स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के तहत हिन्दी सुलेख प्राथमिक वर्ग में कविता, अंग्रेजी राइटिंग प्राथमिक में अराध्या मोल्ठी, मानचित्र उत्तराखण्ड प्राथमिक में कविता ने बाजी मारी।

हिन्दी सुलेख जूनियर वर्ग में नितिन रावत, अंग्रेजी राइटिंग में भुवनेश जोशी, मानचित्र भारत में नितिन रावत अव्वल रहे। अंताक्षरी प्राथमिक में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कण्डारा प्रथम, समूह गान में राजकीय जूनियर हाईस्कूल पैडुल प्रथम स्थान पर रहे। गोला फेंक जूनियर स्तर में शुभम नेगी ने पहला, प्राथमिक 50 मीटर दौड़ बालक में सुबोध, 100 मीटर दौड़ बालक में दिव्यांशु, 200 मीटर दौड़ बालक में दिव्यांशु, 400 मीटर दौड़ बालक में अरनव, लंबी कूद में अरनव, 50 मीटर दौड़ बालिका प्राथमिक में आराध्य, 100 मीटर दौड़ बालिका प्राथमिक में आराध्य ने बाजी मारी।

200 मीटर दौड़ बालिका में आराध्य, 400 मीटर दौड़ बालिका में कविता, लम्बी कूद बालिका में आराध्य, जूनियर स्तर की 100 मीटर दौड़ बालक में देंवाश, 200 मीटर दौड़ बालक में शुभम, 400 मीटर दौड़ में आदित्य, 600 मीटर दौड़ बालक में अंशुमन ने बाजी मारी। पहले स्थान पर रहने वाले सभी विजेता ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में पौड़ी में प्रतिभाग करेगें। प्रतियोगिता में भूमिका, तृप्ति नेगी, प्रकाशेश्वरी रावत, शांति नेगी, पूजा कैम्प, सूरज नेगी आकृति कठैत, दीपक बहुगुणा, नीना नयाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आयोजन की अध्यक्षता संकुल समन्वयक अनिता रावत व संचालन महेश गिरि ने किया।

## देव भाषा संस्कृत को बढ़ावा दें : राणा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में राजकीय इंटर कालेज द्वारीखाल में ब्लाक स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि हिन्दी के बाद संस्कृत दूसरी भाषा है। कहा कि हमें देव भाषा संस्कृत को बढ़ावा देना चाहिए। सारे वेद पुराण उपनिषद इसी भाषा में है। विश्व के वैज्ञानिक भी भारत के वेद पुराणों का अध्ययन कर उनको अपनी भाषा में अनुवाद कर रहे हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा व बीईओ डा. सुरेन्द्र सिंह नेगी ने किया। प्रतियोगिता में संस्कृत नाटयम, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत समूह गान, वाद विवाद, संस्कृत आशु भाषण एवं संस्कृत लोकाच्चारणम की आदि में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के संस्कृत नाटक में जीएसएसएस, समूहगान में जीआईसी सतपुली, समूहनृत्य में जीआईसी सतपुली, संस्कृतवाद विवाद में जीआईसी पाली लंगूर, संस्कृत आशुभाषण में इंटर कालेज कांडाखाल, श्लोकोच्यारण में जीआईसी द्वारीखाल ने बाजी मारी। कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य राजमोहन सिंह, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह, ब्लांक मंत्री राजकीय शिक्षक संघ संजय सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रतन सिंह बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव जुयाल, धर्मेन्द्र बिष्ट सहित छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे। संचालन विनोद भारद्वाज ने किया।

# 2 लाख 30 हजार की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने तीन तस्करों को 23.09 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। स्मैक की अन्तर्राष्टीय कीमत 2 लाख 30 हजार रूपये बताई जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर धर-पकड़ करते हुये वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके क्रम में कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चैकिंग दिल्ली फार्म फाटक कोटद्वार के पास से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षण मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शुभम भण्डारी से 10.36 ग्राम, हरीश थापा से 7.93 ग्राम, विधि विवादित किशोर से 4.80 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।



स्मैक तस्कर पुलिस की गिरफ्त में।

अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि गत 25 सितम्बर को वह घूमते फिरते बरेली गये थे, जहां हमनें 36,000.00 रूपये में स्मैक खरीदी। कुछ स्मैक हम स्वयं पीते है और कुछ दूसरे व्यक्तियों को बेचकर अपना खर्चा चलाते है। पुलिस टीम में मौ. अरम प्रभारी सीआईयू कोटद्वार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, उपनिरीक्षक संजय रावत, आरक्षी हरीश कुमार, राहुल फोर शामिल थे।

# संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को एकजुट होने की जरूरत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में संस्कृत भाषा प्रतियोगिता के तहत् नाटक, समूहगान, श्लोकोच्चारण, नृत्य, वाद-विवाद, आशुभाषण समेत विविध कार्यक्रम राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज रिखणीखाल में आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहन नेगी भाजपा उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि मोहित सुंद्रियाल ग्राम प्रधान बयेला, सुदीप चंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय चौधरी, प्रधानाचार्य बीपी कोहली, सयन सिंह नेगी, महेंद्र नेगी विधायक प्रतिनिधि, अनिल रावत ने संयुक्त रूप से माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मां शारदे की प्रस्तुति व अतिथि स्वागत गान राइंकॉ रिखणीखाल की छात्राओं ने दी। छात्र-छात्राओं ने मम् देशो वेदवाणी, अधरं मधुरं नयनं मधुरं, शिवोस्तुति, कृष्णोपासना, मनसा सततं स्मरणीयं लोकहितं मम् करणीयं, कण्ठे कण्ठे संस्कृतम् सागरं सागरीयं, शक्ति समविदं युक्ति समविदं आदि पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कालेज रिखणीखाल से बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर खुशी ध्यानी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजित नाटक वरिष्ठ वर्ग में प्रथम राजकीय इंटर कॉलेज डाबरी, द्वितीय रिखणीखाल व तृतीय बड़खेत रहा। समूह गान में रिखणीखाल, सिद्धखाल तथा कर्तिया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में रिखणीखाल के प्राची, महक, सिद्धखाल की दिया, सानिया, बड़खेत की सुरभि-स्नेहा, समूह नृत्य में रिखणीखाल, डाबरी व कर्मिया, आशुभाषण में सिद्धखाल से दिया ध्यानी, रिखणीखाल से दीपिका व डाबरी से प्रतिभा, श्लोकोच्चारण में सिद्धखाल की किरन, बड़खेत की प्रियांशी, रिणीखाल की सिमरन क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। चल बैजयंती प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज रिखणीखाल सर्वाधिक अंक 15 लेकर प्रथम स्थान पर रहा। संस्कृत साहित्य पाण्डाल में जहां आकर्षण केन्द्र रह, वहीं बच्चों द्वारा बनाये गये चित्र प्रशंसनीय रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक प्रवक्ता जितेन्द्र नवानी ने बताया कि संस्कृत भाषा प्रतियोगिता में प्रखंड के बीस विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। निर्णायकों में डॉ. विपिन तिवारी, डॉ. अम्बिका प्रसाद ध्यानी, विनोद डोबरियाल, संजय सैनी, मनमोहन गौनियाल, संतोषी नेगी, मोहित पंत, प्रभाकर शुक्ला आदि शामिल रहे।



राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज रिखणीखाल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता।

## चमोली के मूल निवासी हैं पूर्व स्वास्थ्य सचिव

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण चमोली जनपद के सुदूरवर्ती गांव पोखरी विकासखंड के खाल गांव के मूल निवासी हैं।

कोरोना काल के दौरान उन्हें देश के स्वास्थ्य सचिव का जिम्मा मिला। कार्यक्रम के बाद पूर्व स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण छात्रों से मिले व छात्रों के साथ अपने संघर्षों को साझा किया। कोरोना काल के दौरान उन्होंने कैसे विभिन्न चुनौतियों का सामना किया इसको लेकर छात्रों ने उनसे संवाद भी किया। (एजेंसी)

# दिव्यांगों ने की पेंशन के लिए आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग



काशीपुर। दिव्यांगों ने पेंशन के लिए आय प्रमाण की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है। जिसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के पेश-ाकार को सौपा है। बुधवार को उत्तराखंड मूक बधिर विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एमए राहुल के नेतृत्व में दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के पेशकार को सौंपा।ज्ञापन में कहा कि दिव्यांगों, मूक बधिरों को विकलांग पेंशन के लिए ऑनलाइन फार्म भरने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन फार्म भरने में यूपीआई नंबर के साथ आय प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। जबकि दिव्यांग कोई काम नहीं करते हैं। ऐसे में पेंशन के लिए आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। साथ ही एडीओ समाज कल्याण को सप्ताह में एक दिन काशीपुर तहसील में बैठाया जाए, ताकि दिव्यांगों की समस्या उन्हें बताई जा सके।

## रामेश्वर मंदिर को मानसखंड कारीडोर से जोड़ने की मांग

पिथौरागढ़। सरयू और रामगंगा के संगम पर स्थित रामेश्वर मंदिर को होटल एसोसिएशन ने मानसखंड कारीडोर से जोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि रामेश्वर मंदिर एक पुण्य तीर्थस्थल है। मानसखंड से जुड़ने पर मंदिर को नई पहचान मिलेगी। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र भट्ट के नेतृत्व में सदस्यों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान भट्ट ने कहा कि रामेश्वर मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर का उल्लेख स्कंदपुराण मानसखंड में भी है। मान्यता है कि अयोध्या के सूर्यवंशी राजाराम ने स्र्वगारोहण प्रस्थान के दौरान यहां शिविलिंग की स्थापना की। पूर्व तक यहां शाम के समय आरती हुआ करती थी।

## मोटा अनाज : मडुवे का केक, झंगोरे की खीर बनाई



पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नगर में पोषण माह अभियान के तहत व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मोटे अनाज से निर्मित मडुवे का केक, झंगोरे की खीर सहित कई व्यंजन बनाए। नगर के टकाना स्थित विकास भवन में आयोजित व्यंजन प्रदर्शनी का डीएम रीना जोशी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोटे अनाजों से निर्मित व्यंजन केक, भटिया, सोयाबीन के छोले की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकत्रियों ने अपने हुनर से मोटे अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए हैं। कहा कि इन व्यंजनों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व हैं। इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। यहां सीपीडीओ डॉ. निर्मल बसेड़ा,जानकी तिवारी, भागीरथी भट्ट, भावना सौन, हीरा भट्ट, हेमा धरियाल मौजूद रहे।

# काला फीता बांध जताया विरोध



चम्पावत। पाटी में शिक्षक संघ ने काला फीता बांध विरोध प्रदर्शन किया। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर ब्लाक कार्यकारिणी की समस्त शाखाओं द्वारा काला फीता बांध कर विरोध करते हुये शिक्षक संघ की उचित मांगों को पूरा करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पदोन्नति, स्थानांतरण,यात्रा अवकाश,रिक्त पदों में नियुक्त आदि मांगों को पूरा करने को लेकर काला फीता बांध कर संकेत दिया कि अगर इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी गयी तो शिक्षक संघ पूर्ण रुप से हड़ताल में चला जायेगा।

इस दौरान प्रदर्शन करने में ब्लाक शिक्षक संघ के अध्यक्ष खुशाल सिंह, संरक्षक दीपक भट्ट, उपाध्यक्ष गिरीश जोशी,पान सिंह मेहता, सतीश जोशी, गोकुलानंद भट्ट,भुवन जोशी, कैलाश जोशी, भैरव दत्त, ममता मेहता, चेतराम, विद्या सागर आदि मौजूद रहे।

## शक्तिफार्म में यूथ कांग्रेस का विस्तार

रुद्रपुर। आगामी लोकसभा और नगर निकाय के चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस संगठन का विस्तार किया जा रहा है। बुधवार को कांग्रेस ने ग्राम सभा तिलियापुर में ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया। इसमें आगामी लोकसभा और नगर निकाय चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कांग्रेस ने अपने बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत अपनी यूथ विंग का विस्तार किया। इसमें सुशील गौतम को यूथ कांग्रेस का विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष और रंजन चौधरी को यूथ कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## पुलिस ने रिर्पोट दर्ज होने के 2 घंटों के भीतर किया नाबालिग को बरामद



अल्मोड़ा। सोमेश्वर पुलिस ने लापता नाबालिग को तहरीर मिलने के 02 घंटे के भीतर ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया। मंगलवार को सोमेश्वर निवासी एक महिला ने थाना सोमेश्वर में तहरीर दी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री सुबह घर से अस्पताल के लिए आई थी, जो अब तक घर वापस नही आई है।

जिसकी उन्होंने काफी ढूढ़खोज कर ली है लेकिन कुछ पता नही चल पाया है। नाबालिग बालिका के गुमशुदगी के मामले में थाना सोमेश्वर में तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद के समस्त थानों को गुमशुदा की तलाश हेतु सूचित किया गया तथा गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन कर थाना क्षेत्र के संभावित स्थानों पर ढूंढखोज की गई। थानाध्यक्ष सोमेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी–पतारसी करते हुए गुमशुदा नाबालिग बालिका को एफआईआर पंजीकृत होने के 02 घण्टो के अंदर सितोली गांव के पास सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया



चम्पावत। राजकीय शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगे पूरी न होने पर पठन–पाठन करते वक्त काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगें पूरी न होने पर चरण बद्ध आंदोलन की रणनीति बनानी।

बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश अधिकारी के दिशा निर्देशन पर शिक्षकों ने पठन–पाठन जारी रखते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक में 34 सूत्रीय मांगों के सापेक्ष कई मांगों में सहमति बनी थी। जिसके विरोध में शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी के आवह्वान पर जिले के समस्त शिक्षक प्रथम चरण में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष अधिकारी ने कहा कि अगर सरकार मांगों के प्रति अब भी संवेदनशीलता नहीं दिखाती है तो द्वितीय चरण में छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए प्रदेश की राजधानी देहरादून में 8 अक्टूबर सरकार जागरण रैली और तृतीय चरण में 16 अक्टूबर सीईओ कार्यालय में जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी के केवल पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करेंगे।

## वादी को तमंचा दिखाकर केस वापस लेने का दबाव बनाया

रुद्रपुर। पूर्व के मामले में आरोपी ने वादी को तमंचा दिखाकर केस वापस लेने का दबाव बनाया। पीड़ित ने पुलभट्टा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। खेमकरन पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम मजरा बहेड़ी बरा पुलभट्टा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने चार महीने पूर्व संजीव पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम बरा से अपने उधार के रुपये वापस मांगे थे। इस पर संजीव ने उसके पैर में गोली मार दी थी।

# ग्राहकों को डाकघर की जनउपयोगी योजनाओं की जानकारी दी

रुद्रपुर। मुख्य डाकघर में डाक कम्युनिटी डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ग्राहकों एवं कर्मचारियों को डाकघर में चल रही जनउपयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह ने किया। मेयर रामपाल सिंह ने भारत सरकार व डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की एवं लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में अब डाक सेवाएं भी हाईटेक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के अभियान को डाक विभाग भी साकार कर रहा है।

अब डाक विभाग में नई सेवाओं का समावेश होने से जन सामान्य को इसका लाभ मिलेगा और इससे नया बदलाव आयेगा। इस अवसर पर प्रबंधक इंडिया पोस्टल पेमेंट बैंक रुद्रपुर गोविंद सिंह तोमर ने वित्तीय समावेश डिजिटल लेनदेन, आधार के माध्यम से किसी भी खाते से भुगतान सम्बंधी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग अपनी सारी योजनाओं का विस्तार इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व डाकिया के माध्यम से घर–घर तक जाकर पहुंचाने का कार्य कर रहा है। हर सुविधा डाकघर अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा रही है।

# कटारमल सूर्य मंदिर अल्मोड़ा में वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित



अल्मोड़ा। परियोजना प्रबन्धक डीआरडीए, स्वजल पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2023 के अन्तर्गत आज विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में कटारमल सूर्य मंदिर अल्मोड़ा में वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय कटारमल, जूनियर हाईस्कूल कटारमल के विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, ग्रामवासियों, विभिन्न विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कटारमल के मुख्य द्वार से सूर्य मंदिर तक स्वच्छता रैली संचालित की गयी, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता संदेश एवं नारों के माध्यम से क्षेत्रान्तर्गत जन–जागरूकता की गई। स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत कटारमल सूर्य मंदिर परिसर में समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा कटारमल सूर्य मंदिर परिसर के आस–पास वृहत् स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## रैली निकाल दुकानदारों को बांटी कपड़े के थैलियां

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक जागरुकता रैली निकाली और दुकानदारों को कपड़े की थैलियां वितरित की। बुधवार को कॉलेज से प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली महाविद्यालय से शुरू होकर सत्येंद्र चंद्र गुडिया मार्ग, पोस्ट ऑफिस रोड एवं मुख्य बाजार से वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई।रैली में स्वंयसेवियों ने दुकानदारों को कपड़े की थैलियाँ वितरित की। यहां कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. रंजना, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. मंगला, डॉ.ज्योति गोयल, डॉ. मीनाक्षी पंत, सृष्टि सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहीद को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी



पिथौरागढ़। गंगोलीहाट के रावलखेत में पूर्व सैनिक संगठन ने पुण्यतिथि पर अशोक चक्र विजेता शहीद बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी। संगठन के उपाध्यक्ष मयूख भट्ट के नेतृत्व में पूर्व सैनिक रावलखेत पहुंचे।

इस दौरान शहीद के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित करते कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व सैनिकों ने शहीद की माता से भी भेंटकर उनका हाल जाना।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक होटल वेस्ट व्यू सभागार में संपन्न हुई । बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत की गई इस बैठक में नगर मंडल के पदाधिकारी सभी मोर्चों के अध्यक्ष सभी बूथ के अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सतीश गोयल ने बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि सभी बूथों के अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों का सत्यापन किया जाना है जिसमें बूथ की पूरी कार्यकारणी एवं प्रत्येक वार्ड के पन्ना प्रमुख को भी सत्यापन होना आवश्यक है । सभी की बैठक कर प्रत्येक बूथ के प्रत्येक पन्ना प्रमुख की विस्तृत जानकारी जिले एवं प्रदेश कार्यकारिणी तक पहुंचाई जानी है।बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी रामू एवं भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अपने सभी पदाधिकारी को एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़कर पार्टी को सशक्त बनाने का काम कर रही है। आने वाला चुनाव में बूथ अध्यक्षों से लेकर प्रदेश पदाधिकारी एवं जिले एवं नगर मंडल के पदाधिकारी के बीच एक ऐसी डिजिटल प्लेटफार्म बनाने का काम किया जा रहा है की बूथ का मतदाता बूथ अध्यक्ष सरल एप के माध्यम से अपनी पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से संवाद कर सकेगा । बैठक में नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, नगर मंत्री पुष्कर बिष्ट, ओम प्रकाश ठाकुर, मुख्य रूप से मंडी डायरेक्टर संतोष अग्रवाल, महिला मोर्चा के अध्यक्ष धाना भंडारी ,महामंत्री मंजू मेहरा, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अतुल राणा, दीपक थापा, हाफिज रहमान ,मनोज चुफाल, राहुल वाल्मिकी ,बलवंत खाती ,नरेश राणा, सुरेश राणा, इमरान मंसूरी,नायाब उवेसी, विमला सामंत, प्रेम शर्मा ,सभासद पावस गुप्ता उपस्थित थे।

## महिला ने नेवी अफसर पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

हल्द्वानी। एक महिला ने मुखानी थाने में अपने नेवी में तैनात ऑफिसर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि उसके पति का नेवी में तैनात सीनियर महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी कारण पति उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे रहा है। पुलिस को तहरीर में मुखानी निवासी मनीषा सिंह ने कहा है कि उसकी शादी फरवरी 2018 में राजाजी पुरम लखनऊ निवासी हिमांशु सिंह से हुई थी। शादी के बाद पति दहेज के लिए ताने मारने लग गया। बताया कि उसका पति नेवी में एसएस एसआई में सेकेंड ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। उसने पुलिस से ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अल्मोड़ा पुलिस ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को नशे के प्रति किया जागरुक



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा मंगलवार को माँ नन्दा देवी मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन स्थल एडम्स इंटर कालेज अल्मोड़ा के मैदान में मेला देखने आई जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने हेतु नुक्कड़ नाटक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थानीय एडम्स स्कूल के मैदान में नंदादेवी मेले के दौरान अल्मोड़ा पुलिस के कर्मचारियों ने नशे के विरुद्ध एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे एक नशा करने वाले व्यक्ति का प्रभाव उसके परिवार पर पड़ता है, अक्सर छोटे बच्चे अपने बड़ों का अनुसरण करते हैं। अगर परिवार में कोई परिजन नशा करता है तो बच्चा भी नशा करना सीख जाता है। जिससे पूरा परिवार नशे की गिरफ्त में आकर बर्बाद हो जाता है। पुलिस द्वारा जनता को नशे के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, नशे के सेवन से शारीरिक नुकसान के साथ–साथ आर्थिक नुकसान भी होता है जिसका असर नशा करने वाले व्यक्ति के परिवार पर पड़ता है।

# संस्कृत भाषा व्यक्ति को बनाती है संस्कारवान : पसबोला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित बहुआयामी खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन एकेश्वर ब्लॉक के जनता इंटर कालेज सुराईडांग में हुआ। जिसमें एकेश्वर ब्लाक के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर खंड संयोजक गणेश पसबोला ने घर से लेकर स्कूलों तक संस्कृत भाषा को जरूरी बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा व्यक्ति को संस्कारवान बनाती है। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चो में संस्कृति के प्रति जागरूकता आती है।




बुधवार को आयोजित समापन समारोह का उदघाटन बीईओ, ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी व जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवाण ने किया। ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी ने संस्कृत शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत प्रदेश की द्वितीय भाषा घोषित हो चुकी है। इस भाषा का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत समूह गान में इंटर कालेज सकिन्डा प्रथम, इंटर कालेज बग्याली द्वितीय व राउमावि पाटीसैंण तृतीय स्थान पर रहा।

संस्कृत नाटक में राउमावि रिंगवाड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में संस्कृत विद्यालय चैधार के आयुष व पवन प्रथम, इंटर कालेज मौन्दाडी के खुशी व अक्षिता द्वितीय व इंटर कालेज इंदिरापुरी के सागर व दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण में इंटर कालेज इंदिरापुरी के सागर सकलानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग के समूह नृत्य में अटल उत्कृष्ट राइंका नौगांवखाल प्रथम, इंटर कालेज सुराईडांग द्वितीय व इंटर कालेज कमलपुर तृतीय स्थान पर रहा। समूह गान में अटल उत्कृष्ट राइंका नौगांवखाल प्रथम, इंटर कालेज कमलपुर द्वितीय व संस्कृत विद्यालय चैधार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रोशन लाल, अतुल मिश्र, लक्ष्मण सिंह नेगी, राकेश पोखरियाल, सुधीर रावत, बबीता देवी, लीला पंवार, रंजीत कुमार, विमल किशोर विडालिया, मुकेश सारंग और शैलेन्द्र नेगी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## पीजी कालेज जोशीमठ में पीटीए का हुआ गठन

चमोली। महाविद्यालय जोशीमठ में पीटीए का गठन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीएन खाली ने बताया कि महाविद्यालय परिवार, नगर एवं क्षेत्र के सभ्रांत नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पीटीए का गठन किया गया है।

अभिभावक शिक्षक संघ का गठन करते हुए कलम सिंह राणा अध्यक्ष, भगत सिंह उपाध्यक्ष, राजेन्द्र राणा सचिव, उमेश राणा कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं।

प्राचार्य एवं पीटीए के संरक्षक डॉ. वीएन खाली कहा कि देश का यह अंतिम महाविद्यालय है जिससे आगे भारत चीन की सीमा व सरहद लग जाती है इस लिए भौगौलिक दृष्टि से महाविद्यालय जोशीमठ काफी महत्वपूर्ण है विद्यालय की विविध शैक्षणौत्तर गतिविधियों एवं समस्याओं के नीदान हेतु सर्वोत्तम मार्ग स्थापित करने में अभिभावक शिक्षक संघ महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# 39 मामलों पर हुई सुनवाई, दो दर्जन से अधिक वाद निस्तारित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिवादों की सुनवाई में बुधवार को 39 मामलों पर सुनवाई हुई। जिसमें से दो दर्जन से अधिक वादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष पर संबंधित जिलों के डीएम के माध्यम से संबंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिए गए।

उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीके बिष्ट की अध्यक्षता में मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई की गई। दो दिवसीय जन सुनवाई में बुधवार को 39 मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें से दो दर्जन से अधिक वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न प्रकार के मुआवजा प्रकरण से संबंधित मामलों में बहुत ही सतर्कता बरतने की जरूरत है। ऐसे मामलों का धरातल पर ठीक तरह से सत्यापन करके ही मुआवजा संबंधित मामलों का निस्तारण करना चाहिए। जिससे किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा ना हो पाए और सरकार को अनावश्यक रूप से वित्तीय बोझ ना पड़े। कहा कि मुआवजा वाले प्रकरणों में बहुत पारदर्शिता और जमीनी स्तर पर बारिकी से सत्यापन करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाए। सुनवाई में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के सदस्य गिरधर सिंह धर्मशक्तू और राम सिंह मीना, सचिव उत्तराखंड शासन हरि चंद्र सेमवाल, अनुसचिव उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग आरएस झिंक्वाण आदि शामिल रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

चमोली। मेहलचौंरी के खेल मैदान में बुधवार से गैरसैंण प्रखड़ की तीन दिवसीय शीतकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिताएं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हो गयी। मार्च पास्ट में राआइंका मेहलचौंरी प्रथम, राजीवगांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण दूसरे तथा राइंका आगरचट्टी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर –19 आठ सौ मी दौड़ में दिव्याशु,मनीष, अजय तथा भवानी,मनीषा, रोशनी पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। खेलों का विधिवत आगाज ब्लॉक प्रमुख शशि सौरियाल ने किया। बीईओ विनोद सिंह की अध्यक्षता एवं केएस कंडारी के संचालन में हुये इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 41 माध्यमिक विद्यालयों में 32 प्रतिभाग कर रहे हैं।

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा एक चुनौती : राजेश भूषण

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरस परिसर स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में अमृत काल विमर्श विकसित भारत @2047 को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर भारत में स्वास्थ्यः आयुष्मान भारत और कोविड टीकाकरण को लेकर बतौर मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि प्रधानमंत्री हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर देश भर में खुल रहे हैं, जिससे लाखों लोगों का इलाज मुफ्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समक्ष सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य एक चुनौती के रूप में है। 2047 में जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा तो देश का कोई भी क्षेत्र स्वास्थ्य से वंचित नहीं रहेगा। कहा 2025 तक टीबी की बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य सरकार की ओर से रखा गया है। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि गढ़वाल विवि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जल्द गढ़वाल विवि एक पाठ्यक्रम शुरू करेगा। जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। कार्यक्रम समन्वयक व डीएसडब्लू प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के 100वीं वर्षगांठ मना रहा होगा तो हमें भी विवि को देश के टॉप शीर्ष विवि बनने के लिए लक्ष्य रखने की जरूरत है। इसके लिए सभी को दुगुने उत्साह से काम करना होगा। मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. वाईपी रैवानी, प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार आदि मौजूद रहे।

## पूरी हुई तेरी समलौण गीत की शूटिंग

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाली गीतकार एवं साहित्यकार नरीलाल निर्वेद द्वारा लिखित गढ़वाली गीत तेरी समलौण की शूटिंग पूरी हो गई है। गीत को खंडाह, श्रीकोट, बुघाणी रोड आदि स्थानों पर फिल्माया गया है। गीत को निर्वेद प्रोडक्शन द्वारा 28 सितंबर को यू-ट्यूब पर लॉन्च किया जाएगा। तेरी समलौण शीर्षक से लिखे दिल मेरू त्वे पर ऐगी गीत रोमांटिंग एवं प्यार भरा है। गीत में आकांक्षा, सिंह, रोहन रावत, सिमरन बलूनी एवं आशीष वर्मन ने अभिनय किया है। वसुधा गौतम और आशीष वर्मन ने इस गीत को आवाज दी है। संगीत अनिरूद्ध नवानी और श्रेष्ठ शाह का है।

# उत्तराखण्ड में पौने तीन सौ से अधिक देव वन : त्रिवेंद्र

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बुधवार को धारी देवी मंदिर को जाने वाले रास्ते के दोनों ओर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

इस अभियान का नेतृत्व करते हुए पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि हमारे राज्य में देव वनों की परिकल्पना पहले से ही रही है। करीब पौने तीन सौ से अधिक देव वन राज्य में हैं। कहा इन वनों में किसी भी प्रकार के हथियार निषेध हैं। इसी परिकल्पना को पुनः जागृत करने के लिए धारी वन की शुरूआत की गई है।

त्रिवेन्द्र रावत ने कहा कि मेरा गांव, मेरा वन के संकल्प के तहत शुरूआत की गई धारी वन में स्थानीय लोग भी सहभागी रहेंगे। उन्होंने बताया कि संकल्प तरु फाउंडेशन के जरिए इस धारी वन को बृहद स्वरूप मिलेगा। कहा पांच साल तक फाउंडेशन द्वारा इन पौधों का संरक्षण किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में धारी वन के रूप में एक अभियान शुरू हुआ है।

जिसमें स्थानीय विधायक होने के नाते वह पूरा सहयोग देंगे। अभियान के पहले दिन विभिन्न प्रजातियों के 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इस अभियान में आनंदा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं, भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों सहित संकल्प तरु फाउंडेशन का सहयोग रहा।

इस मौके पर गढ़वाल विवि के प्रो. एमपीएस बिष्ट, संकल्प तरु के अपूर्व भंडारी, डा. उत्तम भंडारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, गणेश भट्ट, पंकज सती आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भारतीय रेल

**'सार्वजनिक अधिसूचना'**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मतलबपुर स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1418/19 (चः 1418/1021.00) से स्थान 1420/03 (चः 1420/59.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X- ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 1.089 (20.10.2023) |

No. 17-Elect/C/TRD/MB/131 Dated 27.09.2023

**25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मतलबपुर स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1418/19 (चः 1418/1021.00) से स्थान 1420/03 (चः 1420/59.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X- ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण,
उ. रे., मुरादाबाद

3007/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वेदों में विश्व शक्ति बनाने की क्षमता: महेंद्र भट्ट

नई टिहरी। वेदों के प्रसार व पारायण के लिए नई टिहरी में पहली बार आयोजित हो रहे क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शिकरत की। समापन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वेदों को साथ लेकर विश्व शक्ति बना जा सकता है। वेदों में ही वह शक्ति है, दुनिया को एकता व विश्वबंधुत्व के भाव में बांध सकती है। इस मौके पर भट्ट ने वेदपाठियों को सम्मानित करने का भी काम किया।समापन सत्र की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व काबीना मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, सम्मेलन की अध्यक्ष सुषमा उनियाल, संयोजक राजेंद्र प्रसाद चमोली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन शुरूआत की। आयोजकों की ओर सम्मेलन के मुख्य अतिथि भट्ट और विशिष्ट अतिथि शूरवीर सिंह सजवाण को अंगवस्त्र व माला पहनाने के साथ स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। महेंद्र भट्ट ने आगे कहा कि उनकी सरकार संस्कृत व वैदिक शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है। जिसे पूरी तत्परता से आगे बढ़ाया जायेगा। बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए आरएसएस के दिनेश सेमवाल ने कहा कि दुनिया में भूत, वर्तमान व भविष्य में जो भी होगा वह वेदों के तहत ही होगा। वेदों से बाहर होने वाला कुछ नहीं है। पूरे विश्व में भारत के वर्चस्व के लिए जरूरी है कि वेदों की ओर लौंटे। वेद ही जीवन का आधार है। विशिष्ठ अतिथि पूर्व काबीना मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण ने कहा कि टिहरी में वैदिक सम्मेलन होना हर्ष का विषय है। हिमालय ही वेदों की उत्पत्ति का स्थान रहा है। वेदों के संरक्षण के लिए यहीं से ठोस प्रयास होने चाहिए। समापन सत्र पर देश के विभिन्न कोनों से पहुंचे वेदपाठियों ने वेद ऋचाओं का उवाच किया। जिनका मौजूद लोगों ने श्रवण किया। समापन मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने वेदपाठियों को सम्मानित भी किया। सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र प्रसाद चमोली ने वैदिक सम्मेलन में सहयोग के लिए स्थानीय लोगों सहित अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर डा ओम प्रकाश भट्ट, टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी, संजय दबे, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा विनोद सुयाल, मेहनबान सिंह, सुशील कोटनाला, रवि सेमवाल, खेम सिंह चौहान, कुलदीप पंवार, सतीश थपलियाल, रवि सेमवाल, अनुसूया नौटियाल, दाता राम भट्ट, सभासद विजय कठैत, डा प्रमोद उनियाल, स्वामी अच्युतानंद, महाराज केशव स्वरूप, शीशराम थपलियाल, वंशीधर पोखरियाल आदि मौजूद रहे।

### सूचना

मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में भूलवश मेरा नाम Smt. SALOCHANA हो गया है। मेरा सही नाम SULOCHANA DEVI है।

सुलोचना देवी पत्नी 1414051 Ex.HAV SHARAMANAND ग्राम नौसिन (जमेली), लैंसडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड पिन कोड 246124।

# बद्रीश पंचायत महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

चमोली। बदरीनाथ धाम में नगर पंचायत द्वारा दो दिवसीय बद्रीश पंचायत महोत्सव का शानदार आगाज शुरू हुआ। बदरीनाथ जैसी पवित्र भूमि पर बधाणी सांस्कृतिक कला केन्द्र ने पांडव नृत्य सहित अन्य धार्मिक प्रस्तुतियों से आयोजन का शानदार शुभारंभ किया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या पर गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी ने भगवान बदरी विशाल की स्तुति सहित कई भजन गा कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर पंचायत कार्यालय बदरीनाथ में कार्यक्रम का शुभारंभ करते बतौर मुख्य अतिथि आईजी आईटीबीपी, बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति के पूर्व मुख्यकार्यकारी बीडी सिंह , बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, नगर पंचायत अध्यक्ष जोशीमठ शैलेंद्र पंवार कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।

नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी का सहयोग लेकर पवित्र बदरीनाथ की भूमि बदरीनाथ नगर पंचायत द्वारा एमटीवी साइकिल रैली का माना पास से बदरीनाथ तक रैली का अयोजन किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बधाणी संस्था द्वारा पर्यटन विकास हेतु नंदा लोकराज जात सहित पांडव नृत्य जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति, होटल एसोसिएशन,व्यापार संघ बदरीनाथ, बद्रीश पंडा पंचायत, स्की माउंट टेनिक एसोसिएशन, बामीणी पंचायत, डिमरी धार्मिक पंचायत, श्री बद्रीश युवा पुरोहित संगठन, ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित, ग्राम पंचायत माणा का कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग रहा।

## आनंद प्रबंधक और चंदन अध्यक्ष बने

नई टिहरी। घनसाली के नैलचामी कोठी के कनकपाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। प्रबंधन समिति भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद बिष्ट को प्रबंधक तथा चंदन सिंह गुसाईं को अध्यक्ष चुने गये।

राइंका ठेला नैलचामी के प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह चौहान को बीईओ भिलंगना ने चुनाव संपन्न कराने हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। पीठासीन अधिकारी के तौर पर संजीव नौटियाल ने चुनाव संपन्न करवाये। विद्यालय के पूर्व प्रबंधक शरण सिंह कंडारी ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामना दी।

## ई लाइब्रेरी से छात्र उठा रहे लाभ

चमोली। ई लाइब्रेरी छात्र छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को महत्व पूर्ण दिशा और अध्ययन सामग्री मिल रही है। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने बताया जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में जिला अधिकारी हिमांशु खुराना की पहल पर ई–लाइबेरी का निर्माण किया गया है, जिसमें प्रतिदिन 125 से अधिक पाठक नियमित रूप से आते हैं। जिनमें बड़ी संख्या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों की है। जिलाधिकारी श्री हिमांशु खुराना की पहल पर पुस्तकालय में आने वाले पाठकों को प्रेरित करने व उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं पर तैयारी करने हेतु टिप्स देने के लिए सफल व्यक्तियों से परिचर्चा हेतु प्रेरणा श्रृंखला कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय/मुरादाबाद ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 138-DRM-MB-23-24 dt. 26.09.2023 | 149-DRM-MB-23-24 dt. 26.09.2023 | 169-DRM-MB-23-24 dt. 26.09.2023 |
|---|---|---|---|
| Name of work | Heavy repair including Concertina Coil work of Officer's Quarters in Moradabad. (DE No. 158/2023) | Provision of Lifts for ABSS station CH(2 Nos.) and 4 Nos Escalator at PF No. 1(DLI end) and PF 2 & 3(LKO end) at Moradabad Railway station under DEN/HQ/MB. (DE No. 24/ELECT/23-24/MB) | Prevention to water logging and heavy repairs to DRC workshop, store and office complex and provision of USFD office cum store in DRC at Moradabad under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 19.10.2023 | 19.10.2023 | 19.10.2023 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 74,94,405.15 | Rs. 99,05,976.76 | Rs. 60,04,102.55 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 1,49,900.00 | Rs. 1,98,100.00 | Rs. 1,20,100.00 |
| Bidding Start Date | 05.10.2023 | 05.10.2023 | 05.10.2023 |
| Period of Completion | 6 month | 6 month | 6 month |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.09.2023 3006/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नपं गजा अध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर के नगर पंचायत गजा में नपं अध्यक्ष मीना खाती ने बैठक कर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गजा में 26 लोगों को हाल ही प्रधानमंत्री नव नर्मित आवासों की चाबी सौंपी गई है। योजना के तहत 54 और लोगों को चिन्हित किया गया है, जिनके बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त हस्तांतरित कर दी गई है,जल्द आवासों के निर्माण कार्य शुरु हो जाऐगा। नपं अध्यक्ष ने बताया कि अब तक 80 पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभावित किया है,

# विश्व पर्यटन दिवस पर ट्रेक मार्गों पर चलाया सफाई अभियान

चमोली। विश्व पर्यटन दिवस पर जिला पर्यटन विभाग के तत्वाधान में गोपेश्वर–मंडल होते हुए अनसूया माता मंदिर तक पांच किलोमीटर पैदल ट्रेक पर ट्रैकिंग के साथ विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस ट्रेकिंग दल में 25 ट्रेकर्स शामिल हुए। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा पर्यटन विभाग के माध्यम से संचालित ह्यदीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत जनपद चमोली से 30 बुजुर्ग तीर्थयात्रियों का जत्था श्री बदरीनाथ दर्शन के लिए रवाना किया गया। विश्व पर्यटन दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में भी वाद विवाद, निबंध, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कर पर्यटन के महत्व को उजागर किया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एसएस राणा ने कहा कि चमोली जनपद का प्राकृतिक सौन्दर्य सदियों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। यहॉ पर साहसिक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिग, पैराग्लाइडिंग आदि साहसिक गतिविधियों की भरपूर संभावनाएं है।

## देवप्रयाग छात्रों ने निकाली स्वच्छता जागारूकता रैली

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वच्छता पखवाड़े के तहत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छता जन–जागरूकता रैली का निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण प्रकोष्ठ व नमामि गंगे समिति की ओर से आयोजित रैली को महाविद्यालय प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महाविद्यालय रैली में छात्र छात्राओं ने नारों के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक- 1692/20ए0सी0 दिनांक 27/09/2023

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा (सिंगल बिड) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktender.gov.in पर दिनांक 30.09.2023 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता (दिन) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह) | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड पाबौ के अन्तर्गत सिमतोली सम्पर्क मोटर मार्ग का पुनः निर्माण एवं सुधार कार्य। | 2.99 | 4000.00 +18%GST | 120 | 12 | लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी-''सी'' एवं उच्चतर |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र चौबटटाखाल में गिवांली-भेटी मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य। | 2.06 | 4000.00 +18%GST | 120 | 12 | लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''सी'' एवं उच्चतर |

**शर्ते**

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरिक्षत है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

सम्पादकीय

# विदेशी निवेश से औद्योगिक विकास

विदेशी निवेश को उत्तराखंड में आकर्षित करने की दिशा में मुख्यमंत्री धामी लंदन में कारोबारियों से मिल रहे हैं। उत्तराखंड को एक औद्योगिक हब बनाने की दिशा में पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के बाद इसे सार्थक प्रयास देखने को मिल रहे हैं। यदि सीएम के प्रयास फलीभूत हुवे तो आने वाले दिनों में ना केवल उत्तराखंड को उद्योगों की दिशा में एक अलग पहचान मिलेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में सृजित होंगे। इससे जहां एक और उत्तराखंड में रिवर्स पलायन को प्रोत्साहन मिलेगा तो वही उत्तराखंड के युवा एवं नए उद्यमी औद्योगिक विकास की ओर प्रोत्साहित होंगे। अपने प्रयासों के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में औद्योगिक समूह कयान जेट के साथ उत्तराखण्ड में स्कीइंग रिजॉर्ट विकसित करने एवं केबल कार प्रोजेक्ट हेतु 3800 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया है जो एक बड़ी उपलब्धि साबित हो सकती है। पर्यटन की दिशा में भी उत्तराखंड को अपने परंपरागत उद्योगों के अलावा एक नई पहचान मिलेगी, जिसके तहत उत्तराखंड सरकार ने कयान जेट के साथ देवभूमि के प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र औली, दयारा बुग्याल एवं मुनस्यारी में स्कीइंग रिजॉर्ट प्रोजेक्ट्स विकसित करने किस दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए हैं। सरकार उत्तराखंड को पर्यटन की दिशा में एक नई दिशा की ओर ले जाने की ओर भरसक कोशिश कर रही है, इसी तर्ज पर उत्तराखण्ड को ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को पांच ट्रिलियन इकोनामी बनने वाला देश बनाने की दिशा में भारत सरकार काम कर रही है वही उत्तराखंड में भी ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट के माध्यम से राज्य अपना योगदान सुनिश्चित करने की ओर अग्रसर है। संभावना जताई जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री धामी का यह विदेशी द्वारा उत्तराखंड में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, जो उत्तराखंड को औद्योगिक विकास एवं उन्नत उद्योगों वाला एक आदर्श प्रदेश बनाएगा।

# 'इंडिया' के सामने ओबीसी वोट की चुनौती


अजीत द्विवेदी

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' के सामने सबसे बड़ी चुनौती अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी का वोट वापस हासिल करने की है। पिछले दो लोकसभा चुनावों से ओबीसी वोट तेजी से भाजपा की ओर शिफ्ट हुआ है। यह भारतीय राजनीति का एक अनोखा और दिलचस्प पहलू है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर नरेंद्र मोदी के उदय से पहले माना जाता था कि मंडल और कमंडल की राजनीति एक दूसरे के विपर्यय हैं यानी एक दूसरे के उलट और विरोधी हैं। लेकिन 2014 के चुनाव से यह तस्वीर बदलने लगी, जो बाद में कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी दिखी। अब मंडल और कमंडल यानी जाति और धर्म की राजनीति एक हो गई है या कह सकते हैं कि एक दूसरे के साथ हाथ जोड़े चल रही है।

मंडल और कमंडल की राजनीति के एक हो जाने का स्पष्ट संकेत 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में दिखता है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले तक राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा एक चौथाई के करीब ओबीसी वोट ले पाती थी। भाजपा को 2009 में पिछड़ी जातियों का 22 फीसदी वोट मिला था। यह आंकड़ा 2014 में बढ़ कर एक तिहाई से ज्यादा यानी 34 फीसदी हो गया। इसके अगले चुनाव में यानी 2019 में वोट डालने वाले लगभग हर दूसरे ओबीसी मतदाता ने भाजपा को वोट किया। भाजपा को 44 फीसदी ओबीसी वोट मिला। जिस अनुपात में भाजपा का ओबीसी वोट बढ़ता गया उसी अनुपात में कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों का वोट घटता गया। कांग्रेस को 2009 में 24 फीसदी ओबीसी वोट मिला था, जो पिछले दो चुनावों में 15 फीसदी पर स्थिर रहा। प्रादेशिक पार्टियों को 2009 में 54 फीसदी ओबीसी वोट मिला था, जो 2014 में घट कर 51 फीसदी हुआ और 2019 में सीधा 10 फीसदी कम होकर 41 फीसदी रह गया। यानी भाजपा का ओबीसी समर्थन 2009 से 2019 के बीच दोगुना हो गया। वह 22 से बढ़ कर 44 फीसदी हो गया। भाजपा को मिले ओबीसी वोट में मजबूत व मझोली पिछड़ी जातियों का हिस्सा 40 फीसदी और अत्यंत पिछड़ी जातियों का हिस्सा 48 फीसदी है।

कांग्रेस से लेकर उसकी तमाम सहयोगी और संभावित सहयोगी पार्टियों की असली चिंता यही आंकड़ा है। हालांकि इसके अलावा भी कई आंकड़े हैं, जिन पर विपक्षी पार्टियों को बारीकी से विचार करने की जरूरत है, जैसे पिछले 10 साल में भाजपा ने मुस्लिम छोड़ कर हर समुदाय के वोट में पैठ बनाई है और उसको मिलने वाले हर समुदाय के वोट में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि वो समूह ऐसे हैं, जिनमें पहले से भाजपा मजबूत रही है। वैश्य और सवर्ण में भाजपा का पहले से मजबूत असर रहा है। खेती करने वाली जातियों जैसे मराठा, जाट, वोक्कालिगा, रेड्डी आदि का मामला अलग है। अलग अलग राज्यों में इनका आधार है और भाजपा की कोशिश है कि इन जातियों की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ उसका चुनावी तालमेल हो जाए। इनमें से भी ज्यादातर जातियां अलग अलग राज्यों में ओबीसी श्रेणी में ही आती हैं। इसलिए अगर भाजपा की राजनीति को देखें तो बड़े कैनवस में वह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति कर रही है, जबकि सूक्ष्म रूप से वह जातियों की राजनीति को अलग अलग तरीके से साध रही है। तभी संसद में महिला आरक्षण बिल पर भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना गौरतलब है कि कांग्रेस ने कभी भी ओबीसी प्रधानमंत्री नहीं बनाया, जबकि भाजपा ने देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। हालांकि नरेंद्र मोदी से पहले एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने थे, जो ओबीसी समुदाय से आते हैं और चूंकि उत्तर प्रदेश में जाट ओबीसी में आते हैं इसलिए चौधरी चरण सिंह पहले ओबीसी प्रधानमंत्री माने जाएंगे।

बहरहाल, अगले चुनाव की असली राजनीति ओबीसी वोट की है। तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को बीमारी बताया और इसके उन्मूलन की अपील करके ओबीसी राजनीति की है तो बिहार में चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य ने 'रामचरितमानस' की कुछ चौपाइयों को दलित, पिछड़ा और स्त्री विरोधी बता कर ओबीसी व दलित राजनीति को साधने का प्रयास किया है। इस राजनीति के बीच 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' यानी महिला आरक्षण बिल पास हो गया है। संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस और मंडल की राजनीति करने वाली सभी पार्टियों ने इस बिल का समर्थन किया। राज्यों में भी जहां उनकी सरकारें हैं वहां वे इसे पास कराएंगी। लेकिन साथ ही यह सवाल उठाती रहेंगी कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था नहीं की। विपक्षी पार्टियों के और खास कर मंडल की राजनीति करने वाली पार्टियों के सोशल मीडिया में सक्रिय समर्थक महिला आरक्षण बिल को सवर्ण महिला आरक्षण बिल बता कर प्रचारित कर रहे हैं। वे फिल्मी अभिनेत्रियों की तस्वीरें दिखा




कर बता रहे हैं कि भाजपा सरकार के लाए कानून से ऐसी महिलाएं संसद में पहुंचेंगी। उनका दावा है कि इससे लोकसभा में ओबीसी सांसदों का प्रतिनिधित्व कम होगा और बड़ी संख्या में सवर्ण महिलाएं सांसद बन कर पहुंचेंगी।

इस तरह से महिला आरक्षण के रूप में विपक्ष को एक बड़ा दांव खेलने का मौका मिल गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इसका अंदाजा नहीं रहा होगा। उनको पता होगा कि बिना ओबीसी के सब कोटा के महिला आरक्षण लाने में खतरा है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि दो कारणों से भाजपा ने यह जोखिम लिया है। पहला कारण तो ओबीसी के बीच भाजपा और नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता है। उनको दिख रहा है कि पिछले दो चुनाव से ओबीसी का समर्थन बढ़ रहा है और मोदी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहते यह वोट कम नहीं होगा। दूसरा कारण यह है कि भाजपा और मोदी को यह भरोसा है कि महिला एक कांस्टीट्यूंसी के तरह पर पूरी तरह से उभर कर स्थापित हो चुकी है। वह जाति और धर्म से परे स्वतंत्र होकर वोट डालने की स्थिति में है। तभी कई राज्यों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रह रहा है। भाजपा को लग रहा है कि महिला आरक्षण का इम्पैक्ट इतना बड़ा होगा कि उसमें जाति की राजनीति दब जाएगी।

तभी सवाल है कि विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी? ऐसा लग रहा है कि महिला आरक्षण बिल ने विपक्ष को एक मौका दिया है। हालांकि यह ओबीसी वोट अपनी ओर खींचने का मुख्य प्लॉट नहीं होगा, लेकिन सब प्लॉट निश्चित रूप से होगा। मुख्य प्लॉट वही है, जो पहले से चल रहा है। वह है जातीय जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वादा। विपक्षी पार्टियां अलग अलग राज्यों में इसे आजमा रही हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने इसे आजमाया और उसे कामयाबी मिली। बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है और उसके आंकड़े जल्दी ही सार्वजनिक किए जाएंगे। एक मोटे अनुमान के मुताबिक बिहार में 52 से 54 फीसदी तक ओबीसी आबादी होगी। यह आंकड़ा सामने आने के बाद इस अनुपात में आरक्षण की घोषणा हो सकती है। फिलहाल ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण है। उसे बढ़ा कर 40 फीसदी से ऊपर करने का ऐलान संभव है। इसके अलावा ओवरऑल आरक्षण की सीमा भी बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण करने की घोषणा के साथ साथ निजी क्षेत्र में और न्यायपालिका में आरक्षण का ऐलान भी संभव है। सो, ओबीसी की गिनती और उसके अनुपात में आरक्षण देने के प्लॉट के साथ साथ महिला आरक्षण के सब प्लॉट से भाजपा के ओबीसी वोट को अपनी ओर खींचने की रणनीति विपक्ष की होगी।

**खेती करने वाली जातियों जैसे मराठा, जाट, वोक्कालिगा, रेड्डी आदि का मामला अलग है। अलग अलग राज्यों में इनका आधार है और भाजपा की कोशिश है कि इन जातियों की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ उसका चुनावी तालमेल हो जाए। इनमें से भी ज्यादातर जातियां अलग अलग राज्यों में ओबीसी श्रेणी में ही आती हैं। इसलिए अगर भाजपा की राजनीति को देखें तो बड़े कैनवस में वह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति कर रही है, जबकि सूक्ष्म रूप से वह जातियों की राजनीति को अलग अलग तरीके से साध रही है। तभी संसद में महिला आरक्षण बिल पर भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना गौरतलब है कि कांग्रेस ने कभी भी ओबीसी प्रधानमंत्री नहीं बनाया, जबकि भाजपा ने देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया। हालांकि नरेंद्र मोदी से पहले एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने थे, जो ओबीसी समुदाय से आते हैं और चूंकि उत्तर प्रदेश में जाट ओबीसी में आते हैं इसलिए चौधरी चरण सिंह पहले ओबीसी प्रधानमंत्री माने जाएंगे। बहरहाल, अगले चुनाव की असली राजनीति ओबीसी वोट की है।**

# फ्रिज में आटा रख कर आप भी खाते हैं रोटी तो हो जाएं सावधान, नहीं तो हो सकता है यह नुकसान



आजकल के व्यस्त जीवनशैली में, अधिकांश लोग सुबह के लिए आटे की रोटियां तैयार करने के लिए रात को ही आटा गूथ कर फ्रिज में रख देते हैं. इसलिए क्योंकि सुबह उठते ही नहाने-धोने और बच्चों को तैयार करने में व्यस्त रहने के कारण आटे को गूथने और रोटियां बनाने का वक्त नहीं मिल पाता. इसीलिए रात को सोने से पहले आटा गूथ कर फ्रिज में रख देना आसान लगता है. यही नहीं लोग आसानी के लिए बचा हुआ आटा फ्रिज में रख देते हैं, परन्तु यह एक गलत आदत है जिससे हमें बचना चाहिए. आइए जानते हैं फ्रिज में रखे आटे से बनी रोटियां खाने से क्या परेशानी होती है...

**बैक्टीरिया पनपता है**

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया पनप सकते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. फ्रिज की ठंडक बैक्टीरिया को मारती नहीं है.

**पोषक तत्वों की कमी**

फ्रिज में रखने से आटे में मौजूद विटामिन और मिनरल्स खराब हो सकते हैं जिससे आटे का पोषक मूल्य कम हो जाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपको आटा फ्रिज में रखना ही है, तो उसे 6-7 घंटे से ज्यादा समय तक ना रखें. आटे में कई प्रकार के रसायन पाए जाते हैं. आटे को लंबे समय तक फ्रिज में रखने से ये रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. साथ ही, फ्रिज की हानिकारक किरणें और गैसें आटे में समा जाती हैं, जो आटे के स्वाद और सेहत दोनों के लिए अच्छी नहीं होतीं.

**स्वाद में कमी**

आटे में मौजूद ग्लूटेन फ्रिज में रखने से क्षतिग्रस्त हो सकता है जिससे रोटियां सख्त और गुठली बन सकती हैं. फ्रिज में रखे आटे से बनी रोटियां जल्दी खट्टी हो सकती हैं और स्वाद में अंतर आ सकता है.

फ्रिज में रखने से आटे में नमी जमा हो जाती है जिससे रोटियां चिपचिपी और भारी बनती हैं.

**पेट संबंधित समस्याएं**

फ्रिज में रखने से आटे में बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं. इससे पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं. फ्रिज में रखे आटे के गुण बिगड़ते हैं जिससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है. कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.फ्रिज में रखे आटे में एलर्जेन बढ़ सकते हैं जो आंतों में सूजन का कारण बनते हैं.

# अष्टलक्ष्मी के गौरव की पुर्नस्थापना

जी किशन रेड्डी

जब भी मैं पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करता हूं, तो मैं अक्सर स्मृतियों में खो जाता हूं और पूरे भारत के साथी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ की गयी अपनी पिछली यात्राओं को याद करता हूं। उन दिनों, परिवहन व संचार संपर्क सुविधाओं की कमी, सुरक्षा के खतरे, बंद और चक्का जाम की असुविधा तथा अवसंरचना की कमी को नजरअंदाज करते हुए, हमने इन अवसरों का उपयोग, क्षेत्र के अपने भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करने, उनकी संस्कृति का अनुभव करने और चुनौतियों व समाधानों पर चर्चा करने में किया।

हालाँकि, परिवर्तन शुरू करने के लिए हमारे अटूट उत्साह और अथक प्रयास को राजनीतिक उपेक्षा, घोर अन्याय और शेष भारत से स्पष्ट अलगाव के कारण कड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अक्सर सौतेली बहनें कहा जाता था। हालाँकि, कुछ साल बाद, आज, जब मैं उन्हीं स्थानों की दोबारा यात्रा करता हूँ, तो मैं संतुष्टि और राहत की गहरी भावना से भर जाता हूँ। हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ अष्टलक्ष्मी के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता। उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में किए गए रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है।

पिछले साढ़े 9 वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के साथ, भारत सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर वित्तपोषण किया। 2014 और 2023 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 54 केंद्रीय मंत्रालयों के सकल बजट आवंटन में लगभग 233 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 6,600 करोड़ रुपये की नई मंजूर की गयी पीएम-डिवाइन योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए आजीविका और विकास के अवसरों का सृजन करेगी। विवेकपूर्ण और लक्षित निवेश के साथ वित्तीय प्रोत्साहन से, सरकार को परिवहन व संचार संपर्क सुविधा तथा अवसंरचना निर्माण जैसी क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिली।

'भूपेन हजारिका सेतु' नदी पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है , जो 2003 से लंबित था, का उद्घाटन मई 2017 में किया गया। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की यात्रा-अवधि 6 घंटे से कम होकर 01 घंटे की रह गयी है। 25 दिसंबर, 2018 को भारत के सबसे लंबे रेल पुल बोगीबील का उद्घाटन किया गया, जिससे दिल्ली और डिब्रूगढ़ के बीच यात्रा-अवधि में 3 घंटे की कमी आयी है। दिलचस्प बात यह है कि पुल का काम 2002 में भारत रत्न अटल जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, लेकिन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद यह काम बाधित हो गया। काम में तेजी 2014 में आई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बागडोर संभाली।

इसी तरह, 2014 से पहले केवल गुवाहाटी रेल-मार्ग से ही जुड़ा था, लेकिन आज राजधानी परिवहन संपर्क परियोजना के तहत अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर भी जुड़ गए हैं और बाकी 5 राज्यों को जोड़ने का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। उहम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्थलाकृतियों से जुड़ी बाधाओं को दूर कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर में जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन पर दुनिया के सबसे ऊंचे तटबंध पुल का निर्माण करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

इसके अलावा, पर्यटन और आर्थिक क्षमता को व्यापक प्रोत्साहन देते हुए, पिछले 9 वर्षों में हवाई संपर्क सुविधा में कई गुनी वृद्धि हुई है। 2014 में केवल 9 हवाई-अड्डे थे, आज हमारे पास 17 हवाई-अड्डे हैं। अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, डोनी पोलो हवाई अड्डा या अगरतला में महाराजा बीर बिक्रम (एमबीबी) हवाई अड्डे का अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल, जिसका उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, हवाई संपर्क सुविधा में तेजी से हुई प्रगति के उज्ज्वल उदाहरण हैं।

पिछली सरकारें लंबे समय से यह तर्क देतीं रहीं कि भूमि से घिरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में कमी अपरिहार्य है। इस बात को चुनौती देते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार क्षेत्र की जलमार्ग क्षमता का उपयोग करने के लिए काम कर रही है। 2014 से पहले केवल 01 राष्ट्रीय जलमार्ग था और अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में 20 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों की विशाल नौवहन क्षमता को रेखांकित करते हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का निर्माण करते हुए तथा क्षेत्र में आवश्यक परिवहन संपर्क सुविधा को बढ़ावा देकर, पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित किया जा रहा है। म्यांमार के साथ 2,904 करोड़ रुपये की कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, बांग्लादेश के साथ 1,100 करोड़ रुपये की अगरतला-अखौरा रेलवे परियोजना, 1,548 करोड़ रुपये की भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना आदि ऐसी प्रमुख परियोजनाएं हैं, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत के 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के केंद्र में रखती हैं। 1972 के बाद पहली बार 2015 में अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल का नवीनीकरण और बांग्लादेश के चटग्राम व मोंगला बंदरगाहों के उपयोग तक पहुंच; 'एक्ट ईस्ट' नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं।

क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। 2014 से 2022 के बीच उग्रवाद में 76 प्रतिशत की गिरावट आई है। सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौत की संख्या में क्रमशः 90 प्रतिशत और 97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। 8,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। अफस्पा के परिधि क्षेत्र में 75 प्रतिशत की कमी आयी है। स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए विद्रोही समूहों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और मुख्यधारा के साथ उनके पुनः एकीकरण में मदद के लिए पुनर्वास पैकेज प्रदान किए गए हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास और शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रधानमंत्री ने पिछले साढ़े 9 वर्षों स्वयं 60 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्राएं की हैं और क्षेत्र में विकास करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प को दोहराया है।

अपने मूल में प्रतिबद्धता, सुदृढ़ता और सशक्तिकरण को रखते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र अब अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है। पिछले 9 वर्ष निर्णायक रहे हैं; अगले 25 वर्ष, पूर्वोत्तर भारत कहे जाने वाले 'धरती के स्वर्ग' के जादू को दुनिया के सामने लायेंगे।

*** लेखक भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।**

# रिश्ते के कगार पर सऊदी और इजराइल

श्रुति व्यास

हमारी दुनिया बदल रही है। देशों में आपसी रिश्तों का स्वरुप बदल रहा है। पुराने कूटनीतिक और रणनीतिक गठबंधन बिखर रहे हैं और नए बन रहे हैं। जिन गठबंधनों के बारे में एक समय सोचा भी नहीं जा सकता था, वे सच होने जा रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब और इजराइल का एक साथ आना एक नए अध्याय की शुरूआत है। सऊदी अरब के युवराज एमबीएस, जो वहां के वास्तविक शासक हैं, ने 20 सितंबर को दिए एक टीवी साक्षात्कार (जो वे बहुत कम देते हैं) में मुस्कराते हुए यह स्वीकार किया कि वे एक समझौते के बहुत करीब हैं।''हर दिन हम और नजदीक जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि पहली बार असल में, सच में यह होने का रहा है और हम इसे लेकर गंभीर हैं।उन्होंने कहा कि यदि समझौता होता है तो वह शीतयुद्ध के बाद की सबसे ऐतिहासिक संधि होगी। 22 सितंबर को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात की पुष्टि की कि तीनों देश समझौते के बहुत करीब हैं। और ''यह एक बहुत बड़ा कदम होगा।

एमबीएस सन् 2017 में शासन संभालने के बाद से ही इजराइल से रिश्ते सुधारने में रूचि ले रहे हैं। वे अमरीका के साथ सुरक्षा संधि करने और साथ ही असैन्य परमाणु क्षमताएं हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा वे सन् 2018 में जमाल ख़ाशोज्जी की हत्या के बाद से अमरीका की नजरों में बिगड़ी अपनी छवि भी सुधारना चाहते हैं। अमेरिका, और विशेषकर जो बाइडन प्रशासन, इस समझौते तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वह इसे अपनी विदेश नीति की एक बड़ी सफलता के रूप में पेश करेगा। साथ ही वह दुनिया के उस इलाके में नए समझौतों के द्वार खोलकर अरब प्रायद्वीप में चीन के बढ़ते प्रभाव को काबू करना चाहता है।

जहां तक नेतन्याहू का सवाल है, सऊदी अरब के साथ समझौता उनके देश के लिए एक नया मोड़ होगा जिससे इजराइल के लिए अफ्रीका से लेकर एशिया तक आर्थिक एवं कूटनीतिक समझौतों की राह खुलेगी जो अब तक इजराइल की पहुंच से दूर थे। इससे उनकी छवि एक उत्कृष्ट राजनेता की बन सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब सबका ध्यान उनकी सरकार की न्यायपालिका संबंधी विवादास्पद नीतियों पर है।यद्यपि यह सब कागज पर बहुत शानदार नजर आता है और दुनिया की दृष्टि से है भी लेकिन इनमें से हर देश में इसके हर पहलू को लेकर स्वीकार्यता नहीं है और इसे चुनौती दी जा रही है। एमबीएस भले ही बीबी से हाथ मिलाने और उनके गले मिलने के लिए उत्सुक होंगे लेकिन फिलिस्तीन के मसले के कारण सऊदी अरब के ज्यादातर लोग इजराइल के साथ किसी भी तरह के संबंध रखने के पक्ष में नहीं हैं। यही वजह है कि सऊदी युवराज ने अपने साक्षात्कार में बार-बार फिलिस्तीनी इलाके पर इजरायली सेना के कब्जे का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''हमारे लिए फिलिस्तीन का मामला बहुत महत्वपूर्ण है। उसका हल होना भी जरूरी है। इसी कारण सऊदियों और फिलिस्तीनियों के बीच सामानांतर चर्चा तेज हो गई है।अक्टूबर में एक आधिकारिक फिलिस्तीनी प्रतिनिधिमंडल रियाद पहुंचने वाला है। और यदि एमबीएस फिलिस्तीनियों की मांगों का आंशिक समर्थन भी करते हैं तो नेतन्याहू के सत्ताधारी गठबंधन के कुछ सदस्य उनका साथ छोड़ सकते हैं जिससे सत्ता पर उनकी पकड़ कमजोर हो सकती है। बाइडन के लिए भी समझौते का समर्थन करने के मिले-जुले परिणाम होंगे।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा: 11 बच्चे पानी में बहे, डूबने से चार की मौत

**दतिया ,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर से कुछ दूर स्थित बिड़निया गांव में शाम को कुछ बच्चे प्रतिमा विसर्जन के लिए गए थे। वहां पर 11 बच्चे पानी से भरे गड्ढे की गहरायी में डूबने लगे। छह बच्चों को वहां मौजूद लोगों ने बचा लिया, लेकिन चार को नहीं बचाया जा सका और उनकी मौत हो गई। जबकि एक की तलाश अभी जारी है।

घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत बच्चों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है। इनकी पहचान अंश, प्रतिज्ञा, कृष्णा और आस्था के रूप में हुयी है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को नियमों के अनुरूप आर्थिक सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। शहर की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों पर कसा शिकंजा: 6 राज्यों में 50 से अधिक स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े तलाशी अभियान के तहत देश भर में खालिस्तानी आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ बुधवार सुबह छापेमारी शुरू की। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के आसपास के इलाकों में चार दर्जन से अधिक स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

एक सूत्र ने कहा, खालिस्तानी आतंकवादियों, समर्थकों और संबंधित प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। छापेमारी बुधवार सुबह शुरू हुई और अभी चल रही है। फिलहाल एनआईए ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बताया जा रहा है कि आतंकियों, ड्रग्स डीलर्स और गैंगस्टर्स के बीच सांठगांठ को खत्म करने के लिए एनआईए के जरिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। एनआईए के मुताबिक, 6 राज्यों में तीन मामलों में लॉरेंस बंबीहा और अर्श दल्ला गिरोह के सहयोगियों से संबंधित 51 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

## पाकिस्तान के पंजाब में डेंगू के 159 नए मामले

**इस्लामाबाद ,एजेंसी ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले 24 घंटों के दौरान डेंगू बुखार के कम से कम 159 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बीती शाम को यह जानकारी दी। पंजाब में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, प्रांत के विभिन्न हिस्सों में डेंगू के नए मामलों के साथ इनकी कुल संख्या बढ़कर 3,849 हो गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब की राजधानी लाहौर 1,511 मामलों के साथ सबसे अधिक प्रभावित शहर रहा। इसके बाद रावलपिंडी, मुल्तान, फैसलाबाद और गुजरांवाला जिलों में क्रमशः 1004, 492, 198 और 166 मामले सामने आए। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में पूरे प्रांत के विभिन्न अस्पतालों में 151 डेंगू रोगियों का इलाज चल रहा है।

## सिंगापुर में निर्माण स्थल पर स्टील बार की चपेट में आने से भारतीय नागरिक की मौत

**सिंगापुर ,एजेंसी ।** सिंगापुर में एक निर्माण स्थल पर स्टील बार की चपेट में आने से 34 साल के एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जहां वह काम करता था। जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने कहा कि कर्मचारी केबल खींचने का काम कर रहा था, तभी केबल ड्रम को सपोर्ट करने वाला स्टील स्टैंड टूट गया, जिससे पसिर रिस इंडस्ट्रियल ड्राइव 1 में रविवार दोपहर को दुर्घटना हुई।

# सवालों में निज्जर हत्याकांड की जांच: 90 सेकंड में 34 गोली मारकर चले गए हमलावर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ दिनों से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मामला दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी मामले ने भारत और कनाडा को आमने–सामने ला दिया। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडे द्वारा भारत पर आरोप लगाने के बाद दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए। अब इस मामले में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में कनाडा को खरी–खरी सुनाई है। वहीं, घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसे कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के सरी स्थित गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के पास दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। निज्जर इस गुरुद्वारे का संचालन करने वाली कमेटी का प्रधान भी था।

अब निज्जर की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल, अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट ने वीडियो फुटेज के हवाले से एक रिपोर्ट जारी की है। इस घटना के जो सीसीटीवी वीडियो सामने आए हैं, उसमें निज्जर की हत्या के लिए हत्यारों की तरफ से की गई तैयारियों को साफ देखा जा सकता है। फुटेज से पता चलता है कि निज्जर को मारने के लिए एक बड़ा और संगठित ऑपरेशन चलाया गया। पूरी घटना गुरुद्वारे के सिक्योरिटी कैमरों में कैद हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि फिलहाल यह फुटेज कनाडा की जांच एजेंसियों के पास हैं।

इस पूरी घटना की जानकारी देते हुए वॉशिंगटन पोस्ट ने कहा कि वीडियो 90 सेकेंड का है। इसमें निज्जर को एक कत्थई रंग के पिकअप ट्रक को पार्किंग से बाहर ड्राइव करते देखा जा सकता है। इसके बाद उसके ट्रक के पास एक सफेद रंग की सेडान आकर रुकती है, जो ट्रक के बराबर पर चलती है। पहले ये दोनों गाड़िया अलग–अलग रास्ते पर दिखती हैं। लेकिन जब निज्जर का ट्रक आगे निकलता है, तब सेडान इसकी बराबरी पर आती है। इसके बाद ट्रक और सेडान एक ही लेन पर आ जाते हैं। इसी दौरान सेडान को ट्रक के बराबर पर लाया जाता है।

इसके बाद वीडियो में टीशर्ट पहने दो लोगों को ट्रक के पास आते देखा जा सकता है। ये




दोनों लोग ड्राइवर की सीट पर बैठे निज्जर की तरफ बंदूक तानते हैं।

इसी दौरान सामने खड़ी सेडान पार्किंग से बाहर निकल जाती है और कैमरे की नजर से दूर हो जाती है। इसके बाद गोलीबारी करने वाले दोनों लोग भी एक ही दिशा में भागते देखे गए। कहा गया कि हमलावरों ने 90 सेकंड में 34 गोलियां मारीं।

निज्जर की हत्या के संबंध में छपी रिपोर्ट में गुरुद्वारे के एक स्वयंसेवक भूपिंदरजीत सिंह का भी हवाला दिया गया है। वे निज्जर के ट्रक तक पहुंचने वाले पहले गवाह थे। सिंह ने ड्राइवर साइड का दरवाजा खोला और निज्जर के

### पुलिस गवाहों से मिली तक नहीं

कंधों को पकड़ लिया। सिंह के हवाले से कहा गया, 'ऐसा लग रहा था कि निज्जर की सांसें नहीं चल रही थीं।' गुरुद्वारा समिति के एक अन्य सदस्य मलकीत सिंह ने बताया कि उन्होंने दो लोगों को पड़ोस के कौगर क्रीक पार्क की ओर भागते देखा। उसने उनका पीछा किया। उन्होंने दावा किया कि हमलावरो 'सिख वेश–भूषा' में थे और उनके 'दाढ़ी वाले चेहरे' पर मास्क लगा हुआ था।

मलकीत के हवाले से कहा गया है कि हत्यारे इंतजार कर रही ग्रे कलर की एक कार में सवार हो गए जिसमें तीन अन्य लोग पहले से ही इंतजार कर रहे थे। उधर निज्जर की जान जा चुकी थी और उसके शव के पास गुरुद्वारे के कार्यवाहक चरणजीत सिंह आ चुके थे। कुछ समय बाद लोग घटनास्थल का वीडियो रिकॉर्ड करने लगे जिससे मिनटों में हत्या की खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (कळकळ) ने निज्जर की हत्या के मामले की शुरुआती जांच की है। वहीं इस जांच में मदद के लिए टीम ने आरसीएमपी की फोरेंसिक आइडेंटिफिकेशन सर्विस और बीसी कोरोनर्स सर्विस के साथ साझेदारी की है।

जांचकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने उस वाहन की पहचान कर ली है जो घटनास्थल के नजदीक 121 स्ट्रीट पर संदिग्धों का इंतजार कर रहा था। वाहन की पहचान सिल्वर 2008 टोयोटा कैमरी के रूप में हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने वाहन और वाहन चालक की तस्वीरें भी जारी की हैं।

जांच में शामिल कळकळ अधिकारी टिमोथी पिएरोटी ने बताया कि इस वाहन का चालक हत्या से पहले और हत्या के समय कैमरी कार में 121 स्ट्रीट पर दो संदिग्धों का इंतजार कर रहा था। जांचकर्ताओं ने अब कहा है कि हत्या में तीसरा संदिग्ध शामिल था। वहीं जांच कर रही टीम ने इस वाहन या ड्राइवर को पहचानने के लिए लोगों से मदद मांगी है।

### उज्जैन नाबालिग कांड पर गरमाई सियासत

# राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने भाजपा सरकार को घेरा

**उज्जैन, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में दिल्ली के निर्भया जैसा दुष्कर्म कांड सामने आने के बाद सियासत भी गर्मा गई है। मामले में राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने आक्रेश जताया है।

बता दें कि महाकाल की नगरी उज्जैन में दिल्ली के निर्भया जैसा दुष्कर्म कांड सामने आया है। दुष्कर्म के बाद नाबालिग के प्राइवेट पाट्‌र्स को नुकसान पहुंचाया गया। ढाई घंटे तक वह अर्धनग्न अवस्था में महाकाल की नगरी में घूमती रही। किसी ने मदद तक नहीं की। मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कर नाराजगी जाहिर की है और प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश में एक 12 साल की बच्ची के साथ हुआ भयावह अपराध, भारत माता के हृदय पर आघात है। महिलाओं के खिलाफ़ अपराध और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ़ हुए दुष्कर्म की संख्या सबसे ज़्यादा मध्य प्रदेश में है। इसके गुनहगार वो अपराधी तो हैं ही जिन्होंने ये गुनाह किए। साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार भी है, जो बेटियों की रक्षा करने में अक्षम है। न न्याय है, न कानून व्यवस्था और न अधिकार – आज, मध्य प्रदेश की बेटियों की स्थिति से पूरा देश शर्मसार है। मगर, प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री में बिल्कुल शर्म नहीं है – चुनावी भाषण, खोखले वादों और झूठे नारों के बीच बेटियों की चीखें उन्होंने दबा दी हैं।

मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सीएम शिवराज से सवाल पूछे हैं। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा कि उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ अत्यंत क्रूरतापूर्ण दुराचार का मामला देखकर रूह कांप जाती है। 12 साल की बेटी के साथ जिस तरह का दुष्कृत्य हुआ और जिस तरह से वह अर्द्धनग्न अवस्था में शहर के कई इलाकों में भागती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई, उससे मानवता शर्मसार हो जाती है। ऐसी जघन्य घटना प्रशासन और समाज के माथे पर कलंक है। मैं मुख्यमंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या आप सिर्फ चुनाव ही लड़ते रहेंगे और झूठी घोषणाएं ही करते रहेंगे?क्या आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी बेटियों की तस्वीरों से पूरे मध्य प्रदेश के होर्डिंग भर देंगे, लेकिन मासूम बेटियों की सुरक्षा



पर कोई ध्यान नहीं देंगे? जिस बेटी के साथ यह दरिंदगी हुई क्या वह लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना नहीं है? मुख्यमंत्री जी उज्जैन में पहले भी दो छोटी बच्चियों के साथ क्रूरतापूर्ण दुष्कृत्य हुआ था। प्रदेश में ऐसी क्रूर घटनाओं की पुरावृत्ति बताती है कि मध्य प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो चुका है।

मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री के होते हुए भी मुख्यमंत्री विहीन हो चुका है। अपराधी निरंकुश है और जनता परेशान है। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए और पीड़िता को समुचित उपचार के साथ ही एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान भी सामने आया है। उनका कहना है कि उज्जैन मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एक संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का कहना है कि घटना दुखद है। दरिंदे को फांसी की सजा दी जाए।

इस प्रकार की घटना दुर्भाग्य से भी दुर्भाग्य जनक है। किसी भी कीमत पर दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कड़े से कड़े प्रावधान करेंगे। अपराधी कोई भी हो बच नहीं पाएगा।

मामले में पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा का कहना है कि मामले में जांच जारी है। किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तकनीकी साक्ष्य एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस पूछताछ कर रही है। बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बालिका द्वारा अपने माता के संबंध में कोई भी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। बालिका का उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों की मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है।

महाकाल थाना क्षेत्र के मुरलीपुरा रोड पर सोमवार को एक नाबालिग बेसुध अवस्था में मिली थी, जिसके प्राइवेट पाट्‌र्स मे गंभीर चोट आई थी और उसे देखते ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता था कि वह किसी दरिंदगी का शिकार हुई है। यह नाबालिग सिंहस्थ बायपास मार्ग की कॉलोनी में लगभग ढाई घंटे तक अर्धनग्न हालत में भटकती रही लेकिन किसी ने भी इसकी मदद नहीं की लेकिन मुरलीपुरा केदंडी आश्रम के समीप जब वह पहुंची तो किसी ने 100 डायल पर इस बात की सूचना दी और महाकाल थाना पुलिस नाबालिक को तुरंत थाने ले आई क्योंकि नाबालिक खून से लथपथ थी। इसीलिए उसे तुरंत चरक अस्पताल ले जाकर मेडिकल करवाया गया जहां जब डॉक्टरों ने इस बात की पुष्टि की की बालिका के प्राइवेट पाट्‌र्स में गंभीर चोट आई है तो उसे तुरंत इंदौर अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसका ऑपरेशन किया गया है।

### इराक के अल–हमदानिया शहर में बड़ा हादसा

# मैरिज हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत



**बगदाद, एजेंसी।** इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल–हमदानिया शहर में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां एक मैरिज हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए हैं। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल–जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण–पूर्व में अल–हमदानिया शहर में अल–हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई।

आईएनए ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया। आईएनए ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ अल–बद्र ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य मंत्रालय घटना पर करीब से नजर रख रहा है। आईएनए ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने पड़ोसी प्रांतों किरकुक और सलाहुद्दीन में स्वास्थ्य विभागों को पीड़ितों को निकालने में मदद के लिए एम्बुलेंस भेजने के निर्देश जारी किए।स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल–सुदानी ने स्थिति के बारे में जानने के लिए निनेवेह के गवर्नर को फोन किया और आंतरिक और स्वास्थ्य मंत्रियों को प्रभावित लोगों का समर्थन करने का आदेश दिया।

### दिल्ली में शर्मसार हुई इंसानियत

# गणेश पंडाल से प्रसाद उठाकर खाने पर युवक को बांधकर पीटा, घर पहुंचकर हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर–पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में महज प्रसाद उठाकर खाने पर एक युवक को खंभे से बांधकर लाठी–डंडों से बुरी तरह पीटा गया। 10–12 लड़के जानवरों की तरह युवक को पीटते रहे। इस दौरान युवक रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा। युवक को अधमरी हालत में छोड़कर सभी आरोपी फरार हो गए।

दोपहर के समय एक पड़ोसी पीड़ित मोहम्मद इशाक उर्फ इसार (22) को उसके घर ले आया। इसार ने रोते–रोते परिजनों को सारी बात बताई। ज्यादा पिटाई की वजह से कुछ ही देर बाद इसार ने घर पर ही दम तोड़ दिया। देर रात को मामले की सूचना पुलिस को दी गई। छानबीन हुई तो वारदात का खुलासा हुआ। घटना का एक वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया। एहतियात के तौर पर एरिया में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। शुरुआती जांच के बाद पता चला है कि इसार ने घर से कुछ दूरी पर लगे गणेश पंडाल से प्रसाद उठाकर खा लिया था। इसी बात पर उसे बांधकर पीटा गया।

वहीं स्थानीय लोगों ने इसार के विशेष समुदाय का होने की वजह से पीटने के आरोप लगाए। पुलिस इससे इनकार कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की का कहना है कि इसार को चोरी के शक में पकड़कर डंडों से पीटा गया। मामले की छानबीन जारी है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से धामपुर, बिजनौर, यूपी का रहने वाला इसार अपने परिवार के साथ ई–57/बी352, सुंदर नगरी में रहता था। इसके परिवार में बुजुर्ग पिता अब्दुल वाजिद, चार बहन इमराना, नियाब, समरीन और उज्मा है। इसार के पिता एरिया में फल बेचने की रेहड़ी लगाते हैं। कई साल पहले मां साबरी की मौत हो चुकी है।

जब वह खुद मजदूरी करता था। इसार की बहन ने बताया कि मंगलवार तड़के वह घर से निकल गया। इस बीच सुबह करीब पांच बजे वह घर से चंद कदमों की दूरी पर जी–4 ब्लॉक पहुंचा। यहां पर गणेश पंडाल लगा हुआ था। इसार ने गणेश पंडाल से केला उठाकर खा लिया। वहां मौजूद लड़कों ने जब इसार को प्रसाद उठाकर खाते देखा तो वह भड़क गए। इन लोगों ने उसे पकड़ लिया और वहीं एक खंभे से बांध दिया। इसके बाद उसे लाठी–डंडे से पीटा गया। वहां मौजूद कुछ लड़के पिटाई का वीडियो भी बनाते रहे, जिसमें से एक वीडियो वायरल हो गया। इधर अधमरी हालत में इसार को सड़क पर फेंक दिया गया। दोपहर के समय एक पड़ोसी लड़का आमिर वहां से गुजरा तो इसार ने आवाज देकर उसे रोका।

बाद में आमिर ई–रिक्शा से उसे घर ले कर पहुंचा। इस बीच



इसार के पिता वाजिद को पता चला तो वह घर पहुंच गया। इसार ने शाम करीब 6.30 बजे रोते हुए पिता को कुछ लड़कों के नाम बताए। 7.00 बजे उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों को घटना का पता चला कि उन्होंने पुलिस को खबर देने की बात की। रात करीब पौने 11 बजे मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसार का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्राइम टीम और एफएसएल ने जी–4 जाकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद इसार का शव परिवार के हवाले कर दिया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जैसे ही इसार की मौत का लोगों को पता एरिया में लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ शरारती तत्वों ने घटना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। इन लोगों का आरोप था कि इसार के विशेष समुदाय का होने की वजह से उसको बांधकर पीटा गया। इसार इन लड़कों से रहम की भीख मांगता रहा। लेकिन उसकी एक न सुनी गई। वहीं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महज चोरी के शक में युवक को पकड़ा गया। बाद में उसकी पिटाई की गई। फिलहाल घटना में सांप्रदायिक एंगल सामने नहीं आया है। इस बात का भी पता किया जा रहा है कि इतनी सुबह युवक क्या करने घर से निकाला था। युवक का पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

मो. इशाक उर्फ इसार चार बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत के बाद से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। एक परिजन ने बताया कि इसार बहुत ही सीधा और भोला था। उसे गुटका खाने के अलावा किसी भी तरह के नशे की लत नहीं थी। उसे जो छोटा–मोटा काम मिलता था वह कर लिया करता था। एक अन्य परिजन ने बताया कि काफी मन्नतों के बाद इसार का जन्म हुआ था। अब उसकी मौत ने परिवार को बुरी तरह तोड़ दिया है। इसार के पिता ने रोते हुए बताया कि अल्लाह को पता नहीं क्या मंजूर है। कई साल पहले सड़क हादसे में उनकी बेटी नजरानी की भी मौत हो गई थी। बेटा भी अल्लाह ने उनसे छीन लिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिवार ने इसार के शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया।

## जनता की समस्याओं का कराएं संतुष्टिपरक समाधान : सीएम योगी

**गोरखपुर ,एजेंसी।** गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, सरकार आपके साथ है। प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा।

उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए।

# राजस्थान: 30 फीसदी विधायकों के टिकट काटेगी भाजपा

**संपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा के बाद भाजपा ने राजस्थान में फोकस बढ़ा दिया है। पार्टी पहली लिस्ट जारी करने के जोड़ तोड़ में जुट गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इसे लेकर जयपुर पहुंच रहे हैं।

पार्टी के भीतर चर्चा है कि इस बार कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट कट सकते हैं। इनकी संख्या 30 से 35 फीसदी बताई जा रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश की तर्ज पर कुछ सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है।

दरअसल, भाजपा कोई जोखिम नहीं लेना चाहती, इसलिए प्रत्याशियों के चयन में काफी सावधानी बरत रही है। जिन विधायकों के टिकट कट सकते हैं, उन्हें लेकर प्रदेश में काफी हलचल मची हुई है। इस बीच महिला आरक्षण के बिल प्रस्तुत करने के बाद भाजपा महिला उम्मीदवारों के लिए भी अलग से विचार कर रही है। जबकि कई नाम ऐसे हैं जिन पर भाजपा चुनाव समिति की राय



लगभग तय हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार शाम और गुरुवार सुबह भाजपा–संघ के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे व चुनावों में संघ की भूमिका को लेकर विचार–विमर्श किया जाएगा। दोनों नेता बुधवार शाम करीब 7 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से दोनों नेता सीधे प्रदेश भाजपा मुख्यालय आएंगे। यहां रात 8 बजे से भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी।

बैठक में दोनों नेता आगामी विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे, प्रदेश के सियासी समीकरणों को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं हाल ही में संपन्न हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान मिले फीडबैक को लेकर भी बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद नड्डा और शाह जयपुर में ही ठहरेंगे। गुरुवार सुबह दोनों नेता संघ कार्यालय जाएंगे। यहां दोनों संघ के नेताओं के साथ आगामी चुनावों में संघ की भूमिका पर विचार–विमर्श करेंगे। लंबे समय से संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रकाश चंद को आगामी चुनावों के लिए बड़ी जिम्मेदारी देने पर भी चर्चा चल रही है। इसे लेकर भी नड्डा और शाह संघ के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। मानकर चला जा रहा है कि दोनों नेताओं के इस दौरे के बाद प्रकाश चंद नई भूमिका में नज़र आ सकते हैं।

दरअसल, भाजपा ने मध्यप्रदेश में टिकट देने के लिए जो रणनीति अपनाई है, वह राजस्थान में भी देखने को मिल सकती है। यानी भाजपा यहां भी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतार सकती है। हालांकि, पार्टी इन नेताओं को उन्हीं सीटों पर टिकट देगी, जहां भाजपा की हार का खतरा सामने आया है।

# भारत के टॉप बैटर्स हुए ढेर, ऑस्ट्रेलियाई ने जीता आखिरी वनडे, भारत के नाम रही सीरीज



नई दिल्ली,ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे वनडे मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। तीसरे और आखिरी वनडे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 352 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम 2 गेंद शेष रहते ही 286 रन पर ढेर हो गई। तीसरे वनडे मैच में भले ही भारत को 66 रन से हार मिली हो, लेकिन तीन मैचों की वनडे सीरीज भारत ने 2–1 से अपन नाम की। कंगारू टीम की तरफ से तीसरे वनडे मैच में ग्लेन मैक्सवेल ने कहर बरपाते हुए 4 विकेट चटकाए।

**भारत ने 2—1 से जीती वनडे सीरीज**

दरअसल, राजकोट में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 66 रन से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 352 रन बनाए। अवर टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 56, मिचेल मार्श 96 रन और स्टीव स्मिथ ने 74 रन और मार्नस लाबुशेन ने 72 रन बनाए। वहीं, भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट झटके, जबकि कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। सिराज–प्रसिद्धि को 1–1 सफलता मिली।

**ग्लेन मैक्सवेल ने चटकाए 4 विकेट**

भारतीय टीम का पहला विकेट वॉशिंगटन सुंदर के रूप में लगा। ग्लेन मैक्सवेल ने 11वें ओवर की पांचवीं गेंद पर लाबुशेन के हाथों सुंदर को कैच आउट कराया। इसके बाद 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा को मैक्सवेल ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर आउट किया।

27वें ओवर की पांचवीं गेद पर मैक्सवेल ने विराट कोहली को स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। 39वें ओवर में मैक्सवेल ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड किया। इस तरह मैच में ग्लेन मैक्सवेल ने कुल 4 विकेट चटकाए।

# रोहित ने रचा इतिहास, इंटरनेशनल क्रिकेट में ये कारनामा करने वाले बने पहले बल्लेबाज



नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच में कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला जमकर गरजा। कप्तान रोहित ने तीसरे और आखिरी वनडे में अपनी तूफानी पारी खेलकर एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया।

रोहित ने 57 गेंदों में 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 81 रन की आतिशी पारी खेली, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी गेंद पर शानदार कैच लेकर रोहित को पवेलियन की राह दिखाई। बता दें कि रोहित शर्मा ने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 550 छक्के पूरे कर लिए हैं। इस मामले में क्रिस गेल भी उनसे पीछे रहे गए हैं।

दरअसल, रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 550 इंटरनेशनल छक्के जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम किया, ज कि उन्होंने सिर्फ 471 पारियों में हासिल किया।

वहीं, गेल ने तीनों फॉर्मेट में 544 पारी में 550 छक्के पूरे किए थे। ऐसे में कप्तान रोहित एक देश में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में भी पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। हिटमैन ने भारत की धरती पर 258 छक्के जड़ दिए हैं। इस मामले में उन्होंने न्यूजीलंड के मार्टिन गुप्टिल को पछाड़ा, जिन्होंने एक देश के लिए 256 छक्के जड़े।

# चीन के झांग बोहेंग ने एशियाड में पुरुषों का ऑल—अराउंड जिम्नास्टिक खिताब जीता




हांगझोऊ विश्व चैंपियन चीन के झांग बोहेंग ने एशियाई खेलों में 89.299 अंकों के स्कोर के साथ पुरुषों का ऑल–अराउंड जिम्नास्टिक खिताब जीत लिया है ।रिपोर्ट के अनुसार, जापान के ताकेरू किताजोनो 87.032 के साथ दूसरे स्थान पर रहे और एक अन्य चीनी जिमनास्ट लैन ज़िंग्यू ने 84.965 के साथ कांस्य पदक जीता।

झांग ने अपनी पूरी दिनचर्या के दौरान छह उपकरणों पर लगातार प्रदर्शन किया। उनके कुल में फर्श पर 14.500, पोमेल हॉर्स पर 14.600, रिंग्स पर 14.933, वॉल्ट पर 14.600, पैरेलल बार पर 15.466 और हॉरिजॉन्टल बार पर 15.200 शामिल थे ।23 वर्षीय झांग ने कहा, यह एक बड़ी सफलता है। मुझे पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद है ।झांग के कट्टर प्रतिद्वंद्वी, डाइकी हाशिमोटो ने एशियाड को छोडने़ का विकल्प चुना है क्योंकि इसका शेड्यूल आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप के साथ टकरा रहा है, जो 30 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एंटवर्प, बेल्जियम में होगा, लेकिन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दो ऑलराउंडरों के बीच मुकाबला अगले साल के ओलंपिक पर मंडरा रहा है ।मंगलवार के फाइनल में चौथे स्थान पर रहे जापान के शोहेई कावाकामी ने कहा, चीन के झांग ने हमें अपनी ताकत दिखाई। मुझे यह पता लगाना होगा कि अगले साल उनके साथ अंतर कैसे भरा जाए।

## एशियाई खेलः महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में भारत ने जीता स्वर्ण

हांगझोऊ रिदम सांगवान, मनु भाकर और ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिफ्त कौर समरा, आशी चौकसे और मनिनी कौशिक की टीम ने रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के तीन दिनों में शूटिंग रेंज से ये भारत के छठा और सातवां पदक था। चौथे दिन भारत को अधिक की उम्मीद है। भारतीय निशानेबाज महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 50 मीटर राइफल 3–पोजीशन दोनों में भारतीय खिलाड़ी पदक की दौड़ में हैं। शॉटगन निशानेबाज पुरुषों और महिलाओं की स्कीट स्पर्धाओं में अपनी प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण से गुजर रहे हैं। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम ने बुधवार सुबह सुर्खियां बटोरीं। मनु, रिदम और ईशा की टीम ने वहीं से आगे बढऩा जारी रखा जहां उन्होंने मंगलवार को पहले चरण के अंत में छोड़ा था और अच्छे प्रदर्शन के साथ देश को गौरवान्वित किया। रैपिड फायर अनुभाग में मंगलवार को सटीक राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ी पहले से ही बढ़त में थे ।वे 1759 के संयुक्त स्कोर के साथ चीन से आगे रहे, जिसका स्कोर 1756 था और कोरिया ने 1742 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता ।सटीक निशानेबाजी के पहले दिन के अंत में, चीनियों के 874 की तुलना में भारतीय खिलाडिय़ों का कुल स्कोर 887 था। बुधवार को भारतीय खिलाडिय़ों ने 883 का स्कोर बनाया, जबकि चीनियों ने 882 का स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने भारतीयों को कड़ी टक्कर दी ।अंत में, दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीयों को बड़ा फायदा हुआ– विशेषकर शुरुआती श्रृंखला में जिसमें उन्होंने 292 अंक हासिल किए, जबकि चीनी केवल 288 अंक ही बना सके ।इससे पहले, सिफ्त, आशी और मनिनी ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3–पोजीशन में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम कुल 1764 अंकों के साथ चीनी टीम से पीछे रही।

# विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास



द हेग, नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है।

ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था।

फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था।

शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है।

हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोडऩे का फैसला किया।

## फिल्मी दुनियां

# शाहरुख खान की फिल्म का दुनियाभर में बोलबाला, 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब जवान



शाहरुख खान की फिल्म जवान का जादू दुनियाभर में चलता नजर आ रहा है. फिल्म घरेलू के साथ–साथ वर्ल्डवाइड भी बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना रही है. फिल्म की कमाई ने पुरानी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं और अब 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब आ गई है.

जवान ने 16 दिनों में वर्ल्डवाइड 953.97 करोड़ कमा लिए है. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर खुद इस बात की जानकारी दी है. फिल्म की रफ्तार को देख ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि वीकेंड के कलेक्शन के साथ ही जवान 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी.

जवान ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कलेक्शन करके सबसे ज्यादा कमाई करनी वाली बॉलीवुड फिल्म का खिताब अपने नाम कर लिया है. फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 546.58 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. इस तरह फिल्म ने सनी देओल की गदर 2 और शाहरुख खान की अपनी ही फिल्म पठान को भी पीछे छोड़ दिया है. बता दें कि गदर 2 ने 522.84 और पठान ने 540.51 करोड़ का कुल कलेक्शन किया है.

बता दें कि शाहरुख खान जवान के बाद अब अपनी अगली फिल्म डंकी में नजर आएंगे. फिल्म का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है. ये पहली बार है जब किंग खान और राजकुमार हिरनी ने साथ में काम किया है.

डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होगी जिसमें शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू भी नजर आएंगी.

### सलमान नहीं, निर्देशक मनीष की वजह से कर रही हूं टाइगर 3ःरिद्धि डोगरा

बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा को मौजूदा वक्त में शाहरुख खान की जवान में देखा जा रहा है। फिल्म में उन्होंने आजाद (शाहरुख) की मां का किरदार निभाया है। जवान के बाद रिद्धि सुपरस्टार सलमान खान की टाइगर 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।अब इस बीच रिद्धि ने इस फिल्म को करने के पीछे की वजह बताई है। रिद्धि ने खुलासा किया कि वह यह फिल्म सलमान की वजह से नहीं कर रही हैं।रिद्धि ने कहा, मैं टाइगर 3 सलमान की वजह से नहीं कर रही हूं, बल्कि मैंने मनीष शर्मा की वजह से इस फिल्म में काम करने के लिए हां कहा है। इस फिल्म को करने के पीछे की सबसे बड़ी वजह मेरी और मनीष की दोस्ती है।रिद्धि ने बताया कि फिल्म के निर्देशक मनीष से उनकी बहुत पुरानी जान–पहचान है और वो दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं।

# देश के गद्दारों से लड़ेंगी तब्बू, खुफिया का ट्रेलर जारी



बॉलीवुड के जाने–माने निर्देशक विशाल भारद्वाज इन दिनों अपनी फिल्म खुफिया को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।हाल ही में निर्देशक ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसके बाद से ही प्रशंसक इसकी रिलीज के इंतजार में हैं।

इस स्पाई थ्रिलर में तब्बू के साथ अली फजल और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। अब फिल्म के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर भी जारी कर दिया है, जो सस्पेंस से भरपूर है।खुफिया सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें तब्बू रॉ एजेंट की भूमिका निभा रही हैं और देश को बचाने की जद्दोजहद में लगी हुई हैं।इसमें दिखाया गया है कि रवि मोहन (अली) पर देश के साथ गद्दारी करने का आरोप है। वह एजेंसी के खुफिया दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर रहा है।ऐसे में उसके परिवार पर निगरानी रखी जा रही है और पत्नी (वामिका) को भी उस पर शक है। हालांकि, रवि खुद को देशद्रोही नहीं मानता है।ट्रेलर जारी करते हुए विशाल ने लिखा, यहां हथियार के रूप हैं अलग, और जंग है खुफिया। जासूसों की दुनिया में, गद्दार को सामने लाया जाना चाहिए। विशाल की यह फिल्म रॉ की काउंटर एस्पियनेज यूनिट के पूर्व प्रमुख अमर भूषण द्वारा लिखित किताब एस्केप टू नोव्हेयर पर आधारित है और 5 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।

# ड्रीम गर्ल 2 बनी अनन्या की पहली 100 करोड़ी फिल्म



अनन्या पांडे आजकल अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ बनी है।ड्रीम गर्ल 2 ने भारत में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद अनन्या की खुशी सातवें आसमान पर है और हों भी क्यों न यह उनके करियर की पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में हम आपको उनकी पिछली फिल्म की कमाई बताएंगे।

अनन्या को पिछली बार विजय देवरकोंडा की लाइगर में देखा गया था। हालांकि, पिछले साल रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।90 करोड़ रुपये की लागत में बनी लाइगर ने 20.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इसस पहले 2019 में सिनेमाघरों में आई अनन्या की पति पत्नी और वो ने शानदार कमाई की थी,

# कंटेस्टेंट्स की आवाज दिल को छूना यानी मुझे जीत लेने जैसा हैः नीति मोहन



नैनोवाले ने और इश्क वाला लव जैसे अपने बॉलीवुड हिट ट्रैक के लिए जानी जाने वाली सिंगर नीति मोहन, जो सा रे गा मा पा 2023 में जज के रूप में नजर आ रही हैं, ने कहा कि अगर किसी कंटेस्टेंट्स की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने मुझे जीत लिया। सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। नीति इस शो के लिए कोई अजनबी नहीं हैं, इससे पहले वह 2022 में सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स में जज के रूप में काम कर चुकी हैं। नीति ने कहा, जब मैं किसी को सुन रहा होती हूं, तो मैं उसे खुले दिमाग से सुनती हूं क्योंकि वे सभी अपनी जड़ों, ट्रेनिंग, जिस तरह का म्यूजिक उन्होंने सुना है, वहां से कुछ न कुछ लेकर आते हैं। अगर किसी की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब तुमने मुझे जीत लिया। अगर आपके पास कुछ ऐसा है, जिसके बारे में आप बिल्कुल आप हैं, तो आपका व्यक्तित्व मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। और, यह आपको यूनिक बनाता है। नीति ने कहा, अगर आप किसी की तरह लगते हैं, और आपने केवल वही आवाज सुनी है, और आप बस उस एक आवाज की तरह दिखना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि हमें उन्हें अधिक सिंगर्स, विभिन्न प्रकार के म्यूजिक सुनने के लिए मार्गदर्शन करना होगा, इसलिए कि आप अधिक प्रकार का संगीत करने में सक्षम हो। यह महत्वपूर्ण है अन्यथा आपके पास केवल वही शैली रहेगी, जो शायद आपको इस करियर में बहुत आगे तक नहीं ले जाएगी। शो के साथ अपने जुड़ाव के बारे में 43 वर्षीय सिंगर ने कहा, यह वह शो था, जो मैंने तब देखा था जब मैं एक छोटी लडक़ी थी, जो सिर्फ देखती और सीखती थी।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com